दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। रविवार 19 जनवरी-2025 | वर्ष : 10 अंक : 31 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगाई संगम में आस्था की डुबकी

## 'महाकुंभ भारतीयता का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महापर्व है, इसे किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए'

**प्रयागराज।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को महाकुंभ के महासम्मेलन में भाग लेने प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज पहुंच कर रक्षा मंत्री ने सबसे पहले गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर ह्यसनातन की जय, गंगा मैय्या की जयह्न का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से मंदिरों के दर्शन कर महाकुंभ की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। रक्षा मंत्री ने सेना के अधिकारियों के साथ महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग भी किया है। बता दें, इस साल प्रयागराज में संगम तट पर महापर्व महाकुंभ 2025 का आयोजन हो रहा है।







इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज प्रयागराज, संगम में मैंने स्नान किया। यह भारतीयता का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महापर्व है। इसे किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो आकर महाकुंभ को देखिए.ह्न बता दें कि रक्षा मंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बमरौली हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से डीपीएस ग्राउंड नैनी पहुंचे। नैनी के अरैल घाट से जेटी के जरिए संगम पहुंच कर स्नान किया।

**इन प्रसिद्ध मंदिरों में किए दर्शन :** संगम से वीआईपी घाट पर उतर कर अक्षयवट कॉरीडोर में प्रयागराज के छत्र अक्षयवट का दर्शन पूजन किया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने पातालपुरी मंदिर और सरस्वती कूप का भी दर्शन किया। वहां से निकल कर बड़े हनुमान जी का दर्शन कर मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन किया। मंदिर के पुजारी जी का हालचाल लिया। उहोने महाकुंभ के लिए की गई व्यवस्था के बारे में भी बातचीत की।

**सेना के अधिकारियों से भी की मीटिंग :** इस बीच साधु संतों से मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री महाकुंभ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर में सेना के अधिकारियों से मीटिंग भी किया। महाकुंभ में आतंकी हमले की धमकी और बम मिलने की अफवाह के मुताबिक किए गए सुरक्षा इंतजामों की भी उन्होंने जानकारी ली।

### महाशिवरात्रि के दिन समाप्त होगा महाकुंभ

महाकुंभ का प्रथम मुख्य स्नान 13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा के दिन और द्वितीय मुख्य स्नान 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के दिन संपन्न हो चुका है और अंतिम स्नान महाशिवरात्रि पर्व के रोज 26 फरवरी, 2025 को है। इस दिन ही महाकुंभ का समापन भी हो जाएगा।

शेष, पृष्ठ 2

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संभाला गाजियाबाद का चार्ज

## अधिकारियों से की मुलाकात और जाने हालात, सोमवार को मीडिया से रू-ब-रू होंगे आईएएस दीपक मीणा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 2011 बैच के आईएएस ऑफिसर दीपक मीणा ने शनिवार को गाजियाबाद कलेक्ट्रेट में सुबह 10 बजे पहुंच कर जिलाधिकारी गाजियाबाद के रूप में कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने से पहले जैसे ही जिलाधिकारी दीपक मीणा डीएम कार्यालय पहुंचे तो प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उनसे मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की, मुलाकात के कुछ देर बाद ही नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी जिलाधिकारी आवास पहुंचे और गाजियाबाद की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों से लेकर अन्य विषयों पर बातचीत भी की गई।

### इन अधिकारियों ने किया जिलाधिकारी दीपक मीणा का स्वागत और की मुलाकात



करंट क्राइम : अधिकारी अपने वर्किंग स्टाइल की झलक छोड़ देते हैं। शनिवार को नवनियुक्त गाजियाबाद जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपद में जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला। तो वह ठीक सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट गाजियाबाद पहुंचे। कलेक्ट्रेट प्रांगण में एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम विवेक मिश्रा, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सीईटी पुष्पांजलि, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह यहां उपस्थित रहे। नवनियुक्त जिलाधिकारी को सभी ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया और उनसे मुलाकात भी की। इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी से परिचय प्राप्त किया।

### अधिकारियों को दिया संदेश जनसुनवाई रहेगी पहली प्राथमिकता

करंट क्राइम : आइएएस दीपक मीणा ने शनिवार को चार्ज लेने के बाद अधिकारियों को संदेश दिया है की जनसुनवाई उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। जो भी पीड़ित व्यक्ति, महिला या बुजुर्ग अपनी समस्या लेकर आते हैं, उनकी सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर हो। इसके साथ ही उन्होंने एसडीएम, एडीएम और सभी विभाग के अधिकारियों को इसे अमल में लाने के लिए कहा है। वहीं शासन की प्राथमिकता वाले प्रोजेक्ट को तेजी से बढ़ाया जाने और माफियाओं पर उनकी कड़ी नजर रहेगी और कार्रवाई करने के लिए वह प्रमुखता से अभियान शुरू करेंगे। इसके साथ ही शासन स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं को लेकर भी विजन स्पष्ट रखने का निर्देश दे दिया गया है।



### सोमवार को मीडिया से रू-ब-रू होंगे डीएम

करंट क्राइम : नवनियुक्त जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शनिवार को गाजियाबाद जिले का प्रभार संभाल लिया है। प्रभार संभालने के बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की। तो अपने आवास पर कुछ अधिकारियों से मुलाकात करते हुए वातार्लाप भी की है। जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा गाजियाबाद के मीडियाकर्मियों से प्रेसवार्ता के माध्यम से मुलाकात करेंगे और वह अपनी गाजियाबाद जिले में वर्किंग और यहां किस प्रकार से कामकाज करेंगे, इसको लेकर बातचीत करेंगे। सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा मीडिया से मुखातिब होंगे और अपनी बातचीत भी रखेंगे।





### ट्रैफिक, सफाई और सीवरेज व्यवस्था पर रहेगा फोकस

करंट क्राइम : मेरठ में जिलाधिकारी के रूप में लंबी पारी खेलने वाले दीपक मीणा ने गाजियाबाद में चार्ज संभालने के बाद यातायात व्यवस्था पर फोकस रखने के साथ ही सफाई और सीवरेज व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने की बात की है। उन्होंने कहा है कि ट्रैफिक की समस्या को लेकर वह प्रशासनिक स्तर से भी कार्रवाई करेंगे ताकि जनता को यातायात व्यवस्था में सुधार नजर आए। साथ ही उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद के एक बड़े हिस्से में सीवरेज एक बड़ी समस्या है। उसको लेकर भी वह अधिकारियों से बातचीत करेंगे और समाधान खोजने का रास्ता देखा जाएगा। उन्होंने कहा है कि आगे जैसे-जैसे जो जनसुनवाई के दौरान परेशानी आएगी, उनको दूर करने के रास्ते भी खोजे जाएंगे।

## स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार की गई 'घरौनी' वितरण, कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

# स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिला संपत्ति का मालिकाना हक : सुनील कुमार शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'स्वामित्व योजना' के अन्तर्गत तैयार की गयी ग्रामीण आवासीय अभिलेखों (घरौनियों) के डिजिटल वितरण कार्यक्रम के मद्देनजर हिन्दी भवन, लोहिया नगर में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री एवं विधायक साहिबाबाद सुनील कुमार शर्मा एवं गणमान्यों अतिथियों की उपस्थित में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

हिन्दी भवन में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा अतिथियों और प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण के दूरगामी बेहतर परिणाम होंगे। इससे जमीनी विवाद कम होंगे, जिससे लोगों में लड़ाई-झगड़े नहीं होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किए गए ग्रामीण आवसीय अभिलेख 'घरौनी वितरण कार्यक्रम लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 45 लाख 35 हजार घरौनियां वितरण हुई। जिसके लिए हम प्रधानमंत्री का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। हिन्दी भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा दर्जनों किसानों को घरौनी वितरित की गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.पूनम शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, ललित जायसवाल, अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद, सत्यपाल प्रधान, राजेन्द्र मित्तल, धीरज शर्मा सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वामित्व योजना से राजस्व वादों में आएगी कमी : अभिनव गोपाल



मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि स्वामित्व योजना से जरूरतमंद लोगों को ऋण लेने में आसानी होगी, उन्हें अपनी जमीन—मकानों आदि की जानकारी रहेंगी और उनके पास उनके कागजात होंगे। इसी के साथ जमीन से जुड़े विवाद भी नहीं होंगे। उन्होने कहा कि विभाग द्वारा किसान को कृषि सम्बंधित योजनाएं एवं केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी और अधिक सुगमता से उपलब्ध कराने हेतु वाट्सअप पर किसान कम्युनिटी ग्रुप बनाया गया है जिसमें सभी किसान परिवारों को जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों का अलग से एक वाट्सअप ग्रुप बनाया गया है जिससे कि किसानों कि समस्याओं का निराकरण व उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।



### जनपद में 37000 लोगों को मिला घरौनी का प्रमाण पत्र : सौरभ भट्ट



एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने बताया कि इस दौरान 37000 घरौनियां वितरित की गयीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल माध्यम से घरौनी वितरित की। जिसमें 10 राज्यों व 2 केन्द्रशासित राज्यों के जिसमें 2 करोड़ घरौनियां वितरित कीं। उन्होंने सजीव संवाद के दौरान पांच लोगों मनोज, सकोनी, मध्यप्रदेश, रचना, गंगानगर, राजस्थान, रोशन, नागपुर, महाराष्ट्र, संगीता, रायगढ़, उड़ीसा व वीरेन्द्र कुमार, साम्भा, जम्मू—कश्मीर से संवाद किया गया। तदोपरांत प्रधानमंत्री ने समस्त देशवासियों को सम्बोधित करते हुए स्वामित्व योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।









# महाकुंभ में संगम स्नान करना मेरा सौभाग्य : राजनाथ सिंह






**प्रयागराज** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचारण के बीच मां गंगा की आरती की। उनके साथ राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सहित तमाम नेता मौजूद रहे। बमरौली हवाई अड्डे पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुंप्ता नंदी ने उनकी आगवानी की। राजनाथ सिंह ने सबसे पहले गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर, सनातन की जय, गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुंभ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।










## गीताप्रेस ने महाकुंभ में भेजी पांच लाख आरती संग्रह पुस्तक

### 25 लाख प्रतियां अभी और भेजी जाएंगी



**गोरखपुर।** महाकुंभ प्रयागराज में श्रद्धालुओं को निशुल्क बांटने के लिए उद्योगपति गौतम अदाणी के निवेदन पर गीताप्रेस ने पहली खेप में लगभग पांच लाख आरती संग्रह पुस्तक प्रयागराज भेज दिया है। अदाणी समूह ने एक करोड़ आरती संग्रह पुस्तक की मांग की थी। संसाधनों के अभाव तथा गीताप्रेस की ओर से भी पुस्तकें प्रयागराज भेजने को लेकर लगभग 30 लाख के आसपास आरती संग्रह पुस्तक प्रकाशित करने की कही गई।

गीताप्रेस जल्द बची लगभग 25 लाख पुस्तकों को भी प्रयागराज रवाना कर देगा। ट्रस्टियों के अनुसार, गौतम अदाणी का संकल्प है कि हर घर और मंदिर में आरती संग्रह पहुंचे। बता दें कि यह पुस्तक 15 रुपये में गीता प्रेस में मिलती है। अदाणी ग्रुप को यह 11.40 रुपये में दी जा रही है। पुस्तक के अब तक 95वें संस्करणों में चार लाख प्रतियों का प्रकाशन लगभग पूरा हो चुका है। अब तक इसकी 28.89 लाख प्रतियां प्रकाशित हो चुकी हैं।इस पुस्तक में देवी-देवताओं की 102 आरतियां शामिल हैं।

## रक्षा मंत्री ने कहा, महाकुंभ का पर्व भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव

**प्रयागराज :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के छठे दिन त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद सिंह ने पवित्र गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती नदियों के संगम पर पूजा-अर्चना की। रक्षा मंत्री के साथ भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी और पार्टी के अन्य नेता भी थे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में संगम स्नान करना मेरा सौभाग्य है। भारतीयता को समझना है तो महाकुंभ में आइए। इससे पहले आज उन्होंने एक्स पर जाकर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ की अपनी यात्रा की घोषणा की थी।



राजनाथ सिंह ने एक्स पर किया पोस्ट : राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, आज, 18 जनवरी को मैं महाकुंभ 2025 में भाग लेने के लिए प्रयागराज में रहूंगा। महाकुंभ भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। इस पवित्र संगम में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को सुबह 10 बजे तक 1।98 मिलियन से अधिक तीर्थयात्री महाकुंभ मेले में आए। आंकड़ों के अनुसार, महाकुंभ मेले के छठे दिन 10 लाख से अधिक कल्पवासियों और 9।84 लाख तीर्थयात्रियों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। शुक्रवार, 17 जनवरी तक के आंकड़ों के अनुसार, अब तक 73 मिलियन से अधिक तीर्थयात्री महाकुंभ मेले में आ चुके हैं। सोमवार को महाकुंभ के शुरू होने के साथ ही मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पहले अमृत स्नान (पवित्र डुबकी) में भाग लेने के लिए भारत और दुनिया भर से श्रद्धालु प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में उमड़ पड़े।

त्रिवेणी संगम के आसपास का माहौल भक्ति से भरा : भारतीय और विदेशी दोनों ही तरह के श्रद्धालुओं ने पवित्र परंपरा में खुद को डुबोया और दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम में अपना योगदान दिया। त्रिवेणी संगम के आसपास का माहौल भक्ति से भर गया। दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए विदेशी श्रद्धालु भजन गाने के लिए एकत्र हुए और भक्तिमय माहौल में घुलमिल गए।

संगम में देश भर से विभिन्न जातियों, वर्गों और भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले करोड़ों तीर्थयात्री कल्पवास की सदियों पुरानी परंपरा में भाग ले रहे हैं। अमीर हो या गरीब, व्यापारी हो या अधिकारी, पुरुष हो या महिला या ट्रांसजेंडर व्यक्ति, हर कोई अपने मतभेदों को भूलकर भक्ति की भावना में एकजुट होकर संगम में पवित्र डुबकी लगाता है।

## भजन सम्राट अनूप जलोटा और दीप्ति ने गाया महाकुंभ का थीम सॉन्ग

### 'ये प्रयाग है' को घर घर पहुंचाने की तैयारी



**मुंबई।** आवाज की दुनिया में लाखों प्रशंसक कमा चुकीं गायिका दीप्ति चतुर्वेदी ने अबकी गायन की गंगा, जमुना और सरस्वती में स्नान किया है। महाकुंभ के हर हर नाद को उन्होंने संगीत में संजोया है और उसे एक ऐसे गीत का आकार प्रदान किया है कि लोगों को इस गीत में इस बार के महाकुंभ का थीम सॉन्ग बन जाने के सारे लक्षण नजर आ रहे हैं। गाना बन चुका है। रिकॉर्ड भी हो चुका है और दीप्ति बताती हैं कि भजन सम्राट अनूप जलोटा के आशीर्वाद से जल्द ही ये जन जन तक पहुंच जाएगा।

महाकुंभ को धरती का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन माना जाता है। यहां हर रोज करोड़ों श्रद्धालु देश विदेश से संगम में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। और, यहां मुंबई में एक संगम सुर, ताल और ध्यान का हुआ। प्रयागराज की महिमा का बखान करता ये गीत ये प्रयाग है अनूप जलोटा के साथ गाया है। जिसके बोल जयकृष्ण राय तुषार के हैं और संगीत संयोजन विवेक प्रकाश का है।

दीप्ति चतुर्वेदी बताती हैं, ह्लयह गीत मेरे लिए एक अत्यंत भावुक अनुभव रहा है।

## केजरीवाल ने की एक और बड़ी घोषणा, दिल्ली में किराएदारों को मिलेगी फ्री बिजली और पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए एक और बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आप सरकार दिल्ली में किराएदारों को फ्री बिजली और पानी देगी। केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद हम ऐसी योजना लेकर आएंगे जिससे किराएदारों को भी फ्री बिजली और पानी का फायदा मिल सके।




**दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री चलाने पर रोक लगाई :** उधर, आप ने दिल्ली पुलिस पर कथित तौर पर अरविंद केजरीवाल से जुड़ी एक डॉक्यूमेंट्री चलाने पर रोक लगाने का दावा किया है। आप का कहना है कि भाजपा के कहने पर दिल्ली पुलिस ने डॉक्यूमेंट्री अनब्रेकेबल की स्क्रीनिंग पर रोक लगाई है। यह डॉक्यूमेंट्री अनब्रेकेबल आप नेताओं के जेल जाने को लेकर बनी है। आज 11:30 बजे प्यारे लाल भवन (आईटीओ) में डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग होनी थी।

**भाजपा पर बरसे अरविंद केजरीवाल :** वहीं, अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, 'आज भाजपा की साजिशों और षड्यंत्रों का पदार्फाश करने वाली फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई थी। इसमें आप के नेताओं को फर्जी तरीके से जेल भेजने की भाजपा की साजिशों को दिखाया गया। यह स्क्रीनिंग प्राइवेट थी। इसका चुनाव से कोई संबंध नहीं था, लेकिन भाजपा ने दिल्ली पुलिस को भेजकर स्क्रीनिंग रुकवा दी।

**महिला सम्मान योजना :** केजरीवाल इससे पहले दिल्ली की जनता से कई वादे कर चुके हैं। महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं के लिए पहले हर महीने 2100 रुपये देने का वादा किया है।

## आम आदमी पार्टी का बड़ा आरोप, प्रवेश वर्मा ने करवाया पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार के वक्त अरविंद केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला किया है। प्रवेश वर्मा केजरीवाल को घायल कर उन्हें प्रचार करने से रोकना चाहते हैं

**हमले के आरोप पर बोले प्रवेश वर्मा :** केजरीवाल ने हमारे कार्यकताओं पर गाड़ी चढ़ा दी। इसमें मेरे एक कार्यकर्ता का पैर टूट गया है।

**आप ने जारी किया वीडियो :** आप ने ट्वीटर पर इसका वीडियो जारी कर लिखा, हार के डर से बौखलाई बीजेपी, अपने गुंडों से करवाया अरविंद केजरीवाल जी पर हमला। बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें। बीजेपी वालों, तुम्हारे इस कायराने हमले से केजरीवाल डरने वाले नहीं है, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी।

### प्रचार के दौरान फेंकी गई ईंट




**हमले के इनपुट दे चुकी है खुफिया विभाग :** बता दें कि खुफिया विभाग ने पहले ही इस तरह के इनपुट पुलिस को दिए हैं कि दिल्ली में बड़ी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं पर हमला व जानलेवा हमला हो सकता है। ये हमला आतंकी भी हो सकता है, जिन नेताओं पर हमला होने के इनपुट मिले हैं उनमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, आप के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत 12 से राजनेता शामिल हैं।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच को दिल्ली पुलिस का खुफिया विभाग कहा जाता है।

## अनूठी पहल : अपना खुद का पेट्रोल पंप चलाएंगे सेंट्रल जेल के कैदी

### 2295 लोग अलग-अलग अपराधों में काट रहे सजा

### कारागार प्रशासन के लखनऊ स्थित मुख्यालय भेजा गया प्रस्ताव

**वाराणसी।** वाराणसी के शिवपुर स्थित सेंट्रल जेल के सजायाफ्ता कैदी जल्द ही अपना पेट्रोल पंप संचालित करेंगे। प्रदेश में कारागार सुधार की कवायदों की तहत यह अनूठी पहल होगी। इसके लिए कारागार प्रशासन ने सेंट्रल जेल के सामने जमीन चिह्नित कर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड से बातचीत की है।

सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक राधा कृष्ण मिश्र ने बताया कि पेट्रोल पंप के संचालन के लिए प्रस्ताव कारागार प्रशासन के लखनऊ स्थित मुख्यालय भेजा गया है। शासन स्तर से हरी झंडी मिलते ही पेट्रोल पंप के लिए निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।



**147 साल पुरानी जेल में 2295 कैदी काट रहे सजा :** शिवपुर में सेंट्रल जेल की स्थापना वर्ष 1877 में की गई थी। 147 साल पुरानी इस जेल की क्षमता 2050 कैदियों की है। मौजूदा समय में यहां 2295 कैदी अलग-अलग अपराधों की सजा काट रहे हैं। सजायाफ्ता कैदी बड़े पैमाने पर सब्जियां उगाने के साथ ही वेकरी उद्योग संचालित करते हैं।

इसके साथ ही कढ़ाई-बुनाई के अलावा कैदियों के द्वारा जेल में फर्नीचर और स्टील की आलमारी जैसे उत्पाद भी तैयार किए जाते हैं।

## यूपी में उपभोक्ताओं को लगेगा बिजली का झटका

### महंगी होगी बिजली, तमाम गड़बड़ियों का बोझ उपभोक्ताओं पर डालने की तैयारी

**लखनऊ।** मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 का मसौदा लागू हुआ तो बिजली चोरी, घपले, वाणिज्यिक नुकसान सहित अन्य मामलों में विद्युत निगमों को होने वाले घाटे का खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ेगा। उन्हें महंगी बिजली दर चुकानी होगी। इसके लिए उपभोक्ता परिषद ने कानूनी लड़ाई की तैयारी शुरू कर दी है। उपभोक्ता परिषद ने एलान किया है कि शनिवार को प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं से इस मुद्दे पर ऑनलाइन राय ली जाएगी। इसके बाद संघर्ष का एलान किया जाएगा।




प्रदेश में मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन का कार्यकाल पूरा हो गया है। अब इसे नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। नियामक आयोग ने बृहस्पतिवार को मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 का मसौदा जारी करते हुए प्रदेश के उपभोक्ताओं से 13 फरवरी तक आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। नए मसौदे में पहले से चल रहे टैरिफ निर्धारण कानून में कई बदलाव का प्रस्ताव है। उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि प्रस्तावित ड्राफ्ट पूर्ण तरीके से निजी घरानों व बिजली निगमों को लाभ देने वाला है। इस ड्राफ्ट में विद्युत नियामक आयोग ने अपनी सांविधानिक गरिमा की भी चिंता नहीं की, जो नियामकीय रूपरेखा में काले अध्याय के रूप में देखा जाएगा।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि मसौदे में यह व्यवस्था की गई है कि निगमों में होने वाली बिजली चोरी, वाणिज्यिक नुकसान, भ्रष्टाचार से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए उपभोक्ताओं से भी हिस्सा लिया जाएगा। जबकि पूर्व में लागू कानून में यह व्यवस्था थी कि बिजली चोरी सहित अन्य प्रकरण का खामियाजा उपभोक्ता नहीं उठाएंगे, क्योंकि इसके लिए विजिलेंस विंग, बिजली थाना एवं अन्य व्यवस्था भी है। इसी तरह मसौदे में मरम्मत संबंधी और कार्मिक लागत सहित अन्य सभी प्रकरण में बदलाव कर रहा है। इन सभी खर्चों को किसी न किसी रूप में उपभोक्ताओं पर डालने की तैयारी है।

### निजी घराने कर रहे हैं गुमराह

विद्युत नियामक आयोग ने प्रस्तावित मसौदे में भविष्य में आने वाली निजी कंपनियों के लिए भी एक रूपरेखा तैयार कर दी है। आयोग को यह नहीं भूलना चाहिए कि भविष्य की बात कानून में कैसे ला सकते हैं? परिषद ने आरोप लगाया कि इससे स्पष्ट है कि निजी घराने अब कॉर्पोरेशन के साथ ही नियामक आयोग को भी गुमराह कर रहे हैं।

## अर्जुन अवार्ड लेकर घर पहुंची अन्नू रानी

**मेरठ।** खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रपति भवन में अंतराष्ट्रीय भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी को अर्जुन अवार्ड मिलने के बाद माता पिता और भाई साथ खुशी मनाई। वहीं, गांव बहादुरपुर में खुशी मनाई गई। शनिवार को बेटी गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों से बेटी का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने घर पर जाकर अन्नू के परिजनों को गांव की बेटी की उपलब्धि पर बधाई दी और क्षेत्र का नाम रोशन होने पर सभी ने गर्व महसूस किया।

**मां ने तिलक लगाकर किया बेटी का स्वागत :** अन्नु रानी को अर्जुन अवार्ड मिलने पर न सिर्फ उनके परिवार में बल्कि उनके पूरे गांव बहादुरपुर में की खुशी का ठिकाना नहीं है। हर कोई परिवार को बधाई दे रहा है।

शुक्रवार को अन्नु रानी को अर्जुन अवार्ड मिलने पर ग्रामीण अन्नू के घर पर पहुंचने लगे और परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...


नई दिल्ली। रविवार 19 जनवरी -2025 | दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# महानगर कप्तान वाली घोषणा के बाद टीम के नामों पर घमासान

## पिछली टीम का होगा कोई चेहरा रिपीट या आएगी नई वाली थीम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रेस में अब गिनती तीन फेस रहे गए हैं। कयास लगातार लगाए जा रहे हैं और प्रयास भी लगातार जारी है। संघ से लेकर संगठन और स्टेट से लेकर सेंटर तक कई पावर सेंटर इसमें इनवॉल्व हैं। कभी किसी एम का नाम आ जाता है तो कभी किसी टी की बात चलती है। कभी तराजू के पलड़े जिले और महानगर के बाटों के वजन में उलझते हैं। अब महानगर अध्यक्ष वाली घोषणा अपने फाइनल दौर में आ गई है। कभी भी ये नाम हाईकमान से जारी हो सकता है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा में अब नया घमासान टीम को लेकर शुरू हो गया है। सियासी बात करें तो भाजपा इन मामलों में एडवांस चलती है। जब



शहर विधानसभा का उपचुनाव हो रहा था तो अध्यक्ष वाली रेस उसी समय हो गई थी। अध्यक्ष वाली दावेदारी के चेहरों ने उसी समय पारी खेलनी शुरू कर दी थी। चुनाव प्रचार के लिए आए बड़े नेताओं के सामने अपने मन की बात मौका देखकर रखी गई थी। वहीं जब संगठन ने विधिवत रूप से आवेदन मांगे तो ये आंकड़ा ही पचास को भेदता हुआ साठ को भी पार कर गया। सूत्र बताते हैं कि अब अगला घमासान टीम में अपने नाम को एडजस्ट कराने के लिए शुरू हो गया है। भाजपा वाले ही बता रहे हैं कि अध्यक्ष पद के दावेदारों को छोड़ों और बाकी भगवा नेताओं की खामोशी को आप तूफान से पहले ही खामोशी मानकर चलो। उनका कहना है कि जिन चेहरों को टीम में आना है वो पूरी थीम पर काम कर रहे हैं। कोई ध्वज प्रणाम वालों के यहां माथा टेक आया है और किसी ने दिल्ली वाले बड़े दरबार में हाजिरी लगाई है। सभी ने अपने-अपने स्तर पर अपनी जगह पक्की करने के लिए फिल्डिंग लगाई है।

### क्या मिलेगा किसी को रिपीट होने का मौका

करंट क्राइम। भाजपा का महानगर अध्यक्ष टूर्नामेंट अब फाइनल ओवर में है। नामों की छंटनी होते-होते तीन नामों पर गाड़ी आ गई है। बड़ी बात यह है कि अब जो चेहरे महानगर की टीम में आने चाहते हैं उनके बीच सवाल यही है कि क्या भाजपा किसी चेहरे को यहां रिपीट करेगी। जहां तक सवाल रिपीट होने का है तो पहले भी कई चेहरे रिपीट हुए हैं। इनमें महामंत्री राजेश त्यागी, महामंत्री सुशील गौतम व अन्य चेहरे हैं। लेकिन एक लॉबी यह बता रही है कि जिस तरह से नदिया पार में दस के दस बदले गए हैं। उसी थीम पर यहां भी काम होगा। सब कुछ अध्यक्ष बनने वाले चेहरे पर निर्भर करता है। सूत्र बता रहे हैं कि इस बार रिपीट होने वाला सीन कम ही रहेगा। जहां तक रिपीट की बात है तो यहां सुशील गौतम फिर से रिपीट हो सकते हैं। मोर्चा वाले कुछ नाम इधर आ सकते हैं। वहीं प्रकोष्ठों में भी इसका असर दिखाई देगा। कहने वाले यही कह रहे हैं कि इस बार की टीम नई थीम के साथ आएगी। इस बार कई नए चेहरे आ सकते हैं। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा में चेहरे बदले जा सकते हैं।

### मंडल में है घमासान तो महानगर में होना है संग्राम

करंट क्राइम। महानगर की टीम के कप्तान की घोषणा होने को है। ऐसे में जिले से लेकर महानगर तक अब टीम के बाकी पदाधिकारियों की नेम लिस्ट को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। भाजपा सूत्र बता रहे हैं कि जब मंडल के नामों में इतना घमासान हुआ है तो महानगर की टीम के नामों में तो पूरा संग्राम होगा। वो बता रहे हैं कि महामंत्री वाली लिस्ट में परिवर्तन दिखाई देगा। वहीं मौजूदा टीम से कई नाम साफ हो जाएंगे। जहां तक मोर्चों की बात है तो यहां महिला मोर्चा में बड़ा परिवर्तन दिखाई दे सकता है। यहीं से कुछ नाम सरकारी कृपा में भी जाएंगे। क्योंकि माना यह जा रहा है कि जब मंडल वाली ताजपोशी में कैबिनेट वाले गर्मजोशी में दिखाई दिए हैं तो वो यहां टीम में अपनी थीम के अनुसार नेताओं को लाकर अपनी पोजीशन को मजबूत करेंगे। टीम में रिपीट होने की बात है तो कई ऐसे चेहरों को भी ईनाम मिलेगा जिन्होंने शहर वाले उपचुनाव में मेहनत की है। इस बार महानगर की टीम के नामों की थीम पर लाइनपार, नदिया पार और मुरादनगर क्षेत्र को इफेक्ट दिखाई देगा। टीम के आने के इच्छुक दावेदार अब पूरी तरह तरह रहें क्योंकि अध्यक्ष घोषित होते ही टीम के नामों को लेकर लिस्ट बननी शुरू हो जाएगी।

# बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले आरोपी का लिंक रोड पुलिस ने किया इलाज

## आरोपी चाचा के दोनों पैर में लगी पुलिस मुठभेड़ में गोली

## आरोपी नूर आलम नोएडा के एक स्कूल बस में करता था हेल्परी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यूपी पुलिस लगातार अपराधियों को उसी की भाषा में जवाब देने का काम कर रही है। ऐसी ही कार्रवाई पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले लिंक रोड थाना पुलिस ने की है। यहां अपनी रिश्तेदारी में भतीजी के साथ पहले दुष्कर्म और फिर उसकी निर्मम हत्या करने के मामले के आरोपी नूर आलम 19 वर्ष को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ में नूर आलम के दोनों पैरों पर गोली लगी है। बताया जा रहा है कि पुलिस को देखकर नूर आलम भागने लगा, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह दौड़ पड़ा। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके पैर में गोली मारी, दोनों पैर में एक-एक गोली लगी है। वहीं एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय का कहना है कि गिरफ्तार किया गया आरोपी नूर आलम बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोपी है। जिसे पुलिस ने तीन दिन के दौरान गिरफ्तार करने का काम किया है।

### लंबे समय बाद बदमाश के लगी दोनों पैर में गोली



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलग-अलग भाषणों में कहते रहते हैं कि अगर कोई बहन, बेटियों को छढ़ेगा तो पुलिस उसे छोड़ेगी नहीं। ऐसा ही काम गाजियाबाद की वारदात के बाद पुलिस ने किया है। जहां आरोपी 19 वर्षीय नूर आलम ने बच्ची से पहले दुष्कर्म किया था और फिर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस आरोपी की तलाश में थी, आरोपी का शनिवार को पुलिस एनकाउंटर हुआ। जिसमें उसके दोनों पैर में गोली लगी है। बता दें कि लंबे समय बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने किसी बदमाश के दोनों पैर पर गोली मारने का काम किया है।

### सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस से हुई थी आरोपी की पहचान

करंट क्राइम : एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया है कि लिंक रोड थानाक्षेत्र में छह वर्षीय मासूम बच्ची की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या कर दी गई थी। आरोपी बस हेल्पर नूर आलम को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। नूर आलम 19 वर्षीय और जिस बच्ची के साथ उसने दुष्कर्म किया और हत्या की वह उसकी भतीजी दूर के रिश्ते में लगती है। पुलिस ने बताया है कि दुष्कर्म करने के बाद उसने बस में ही बच्ची की हत्या की थी और शव को बस में रखे कट्टे में बांधकर नाले में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी की पहचान सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस से मिली इसकी लोकेशन के आधार पर की है।

# हाउस टैक्स करदाताओं के लिए खुशखबरी : निगम भेजेगा व्हाट्सएप पर बिल, ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया होगी सरल

## व्हाट्सएप के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया को बनाया गया सरल : नगर आयुक्त




गाजियाबाद, करंट क्राइम। फरवरी के पहले माह से गाजियाबाद नगर निगम हाउस टैक्स के बिल व्हाट्सएप के माध्यम से भी भेजने जा रहा है जिससे न केवल गाजियाबाद करदाताओं को हाउस टैक्स का भुगतान करने में सरलता होगी बल्कि नगर निगम की वसूली भी बढ़ेगी। गाजियाबाद नगर निगम में करदाताओं को आने की भी आवश्यकता नहीं होगी। घर बैठे ही व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स का बिल प्राप्त होगा। एक क्लिक से भुगतान भी सम्मानित करदाता निगम को कर सकेंगे जिसकी रसीद भी यूजर को प्राप्त होगी।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा देते हुए शहर तथा निगम हित में अनेकों कार्य किए हैं। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स बिल भेजने तथा इस माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया को भी टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए सरल बनाया गया है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया व्हाट्सएप पर गाजियाबाद नगर निगम का लोगो लगा होगा तथा ब्लू टिक भी लगा होगा। जागरूक करदाता भुगतान को सुरक्षित वातावरण में करेंगे। मेटा फेसबुक व्हाट्सएप से एग्रीमेंट हुआ है कि वह निगम का लोगो तथा ब्लू टिक किसी और को कॉपी नहीं करेंगे तथा व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त होने वाले नोटिस का भुगतान पूर्ण रूप से सुरक्षित है। सम्मानित करदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए तथा समय की बचत को ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप के माध्यम से हाउस टैक्स वसूली प्रक्रिया को प्रारंभ किया जा रहा है जो कि शहरवासियों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी तथा ऑनलाइन भुगतान को बढ़ावा मिलेगा।

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जन जन को जागरूक करने के निर्देश दिए

नगर आयुक्त द्वारा सभी जोनल प्रभारी तथा संबंधित अधिकारियों को व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स वसूली हेतु जन जन को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए। टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत से कार्यवाही करने के लिए कहा गया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि कर दाता 31 मार्च से पूर्व अपना बकाया हाउस टैक्स जमा करते हुए 12% ब्याज से बच सकेंगे तथा फरवरी माह में व्हाट्सएप पर हाउस टैक्स बिल भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। आधुनिक तकनीकी का उपयोग करते हुए समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है पेमेंट गेटवे व अन्य कार्यवाही भी आगामी सप्ताह में पूर्ण की जाएगी, इसके बाद व्हाट्सएप पर बिल भेजने की प्रक्रिया को रफ्तार दी जाएगी। संभवत गाजियाबाद नगर निगम पहला नगर निगम होगा जिसमें व्हाट्सएप के माध्यम से बिल भेज कर हाउस टैक्स की वसूली की जाएगी।

# गाजियाबाद में 14 किमी की गति से चलीं सर्द हवाएं



## न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

## 21 जनवरी से एनसीआर में फिर बारिश का अनुमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मौसम में आज शीत लहर चल रही है। 14 किमी प्रति घंटा से चल रही सर्द हवाओं ने और भी सर्दी बढ़ा दी है। आज सुबह धुंध से थोड़ी राहत मिली है। दिन में हल्की धूप खिलने का अनुमान है। सुबह से समय न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दिन में अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। गाजियाबाद के आसपास के जिलों में आज बादल भी रहेंगे।

शुक्रवार को छाया रहा कोहरा : शुक्रवार को सुबह से ही कोहरा छाया हुआ था, सुबह से समय पहले हल्की धुंध रही। दिन में दोपहर बाद कुछ समय के लिए हल्की धूप देखी गई। एक तरफ जहां शीत लहर जैसा मौसम है, वहीं हल्की बारिश के 4 दिन बाद भी मौसम सर्द था। शुक्रवार सुबह पारा 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की गति आज 5 किमी प्रति घंटा से चल रही है। शाम को हवा की गति अधिक तेज रही।

21 से फिर बारिश की संभावना : एनसीआर में 5 दिन में दूसरी बार मौसम में बदलाव रहा। 11 जनवरी की रात को भी हल्की बारिश हुई थी। 14 जनवरी को भी बूंदाबांदी से मौसम बदला था। इससे पहले 25 दिसंबर से लेकर अब तक 25 दिनों में तीसरी बार मौसम बदला है।

एनसीआर में लगातार शीतलहर जैसा मौसम है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पहाड़ों पर बर्फबारी का असर वेस्ट यूपी व एनसीआर में भी दिखने को मिल रहा है। जिससे लगातार लोगों को गलन का सामना करना पड़ रहा है। गाजियाबाद में सरकारी स्कूल इस समय बंद चल रहे हैं। यह अवकाश 18 जनवरी तक कक्षा 8 तक के स्कूलों में है।

# जल्द होने वाली है कमिश्नरेट में बॉर्डर सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस के साथ कोऑर्डिनेशन मीटिंग

## - 26 जनवरी के मद्देनजर अधिकारी साझा करेंगे सिक्योरिटी प्लान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 जनवरी को लेकर सुरक्षा की प्लानिंग और दिल्ली में आयोजित होने वाली परेड से लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल और सुरक्षा का खाखा तैयार करने के लिए जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारियों के साथ दिल्ली पुलिस के अधिकारी बैठक करेंगे। बैठक में गाजियाबाद की अलग-अलग राज्यों से लगने वाली सीमाओं को लेकर सुरक्षा की प्लानिंग की जाएगी।

तो वहीं दिल्ली और गाजियाबाद के यातायात पुलिस के अधिकारी रूट डायवर्जन और नो एंट्री को लेकर भी प्लान तैयार करेंगे। बता दें कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के बीच कोआर्डिनेशन मीटिंग होने वाली है। इस मीटिंग में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति को पुख्ता करने को लेकर प्लानिंग भी की जाएगी।



### बदमाशों का डाटा भी होगा आदान-प्रदान

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के साथ होने वाली कोऑर्डिनेशन मीटिंग में न सिर्फ सुरक्षा की प्लानिंग होगी बल्कि 26 जनवरी की सुरक्षा के साथ ही साथ ऐसे बदमाशों का डाटा भी आदान-प्रदान किया जाएगा, जो दिल्ली-एनसीआर में एक्टिव मोड में रहते हैं। वह बड़ी वारदातों को अंजाम देते हैं और अपने ठिकाने बदलते रहते हैं।

### फुल ड्रेस रिहर्सल पर भी रूट का रहेगा डॉयवर्जन




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस द्वारा 21 जनवरी को कई इलाकों में रूट का डायवर्जन प्लान रहेगा। दिल्ली पुलिस ने पहले ही एडवाइजरी जारी कर दी है ताकि दिल्ली आने और जाने वाले लोगों को परेशानी ना होना पड़े। वहीं 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड होती है, जिसमें तमाम झांकियां और सेना के अलग-अलग दल भाग लेते हैं। साथ ही कई तरीके की प्रदर्शनी और मार्च भी आयोजित किए जाते हैं। इसको लेकर अभी से पुलिस ने डायवर्जन प्लान और अन्य व्यवस्था शुरू कर दी गई हैं।

### शीर्ष अधिकारी लेंगे कोऑर्डिनेशन बैठक में भाग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस के साथ 26 जनवरी की सुरक्षा व्यवस्था और इंतजामात को लेकर होने वाली बैठक में गाजियाबाद पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के साथ ही दिल्ली पुलिस के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। इस बैठक में लगभग आधा दर्जन से अधिक आईपीएस अधिकारी तो वहीं दिल्ली और गाजियाबाद पुलिस के एसीपी स्तर के अधिकारी भी इस मीटिंग का हिस्सा रहेंगे।

# पहले बना था मिजोरम का प्लान अब जाएंगे लेकिन पहले कुंभ स्नान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवा गढ़ में एक्टिविटी किसी की भी हो लेकिन सियासत वाले उससे कनेक्टिविटी पूरी बनाकर चलते हैं। शपथ भले ही मिजोरम में होनी थी लेकिन तैयारी गाजियाबाद में हो रही थी। जिस प्लेन में सिविल डिफेंस के चीफ मौजूद थे। जिस प्लेन में महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष मौजूद थीं। जिस प्लेन में दो पूर्व विधायक मौजूद थे। उस प्लेन में एमएलसी दिनेश गोयल क्यों नहीं थे। उस प्लेन में जनरल खेमे के करीबी माने जाने वाले अश्विनी शर्मा भी नहीं थे। यह सवाल उठा कि ऐसा क्या हुआ कि इन दोनों ने मिजोरम जाने का अपना प्रोग्राम टाल दिया। पता चला कि मिजोरम जाने वालों में सबसे पहले यही दो शख्स थे। एमएलसी दिनेश गोयल और अश्विनी शर्मा ने 8 जनवरी की फ्लाइट वाला टिकट बुक करा लिया था। 7 जनवरी को मिजोरम से फोन भी आ गया था कि अपना आधार कार्ड भेज दें। बताया जाता है कि आधार कार्ड भी भेज दिया गया था। इसी बीच प्रोग्राम में परिवर्तन हुआ और फिर कुलदीप चौहान का फोन आ गया। उन्होंने शपथ ग्रहण कार्यक्रम आगे बढ़ने की सूचना दी। इसके बाद एमएलसी दिनेश गोयल और अश्विनी शर्मा ने अपनी फ्लाइट वाले टिकट कैंसिल कराए थे। लेकिन यह भी रहा कि जब शपथ ग्रहण का समय आया तब कुछ ऐसा संयोग हो गया कि ये दोनों जा नहीं पाए। विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल को उसी दिन एक परियोजना का शिलान्यास करना था। वहीं अश्विनी शर्मा के परिवार में एक शुभ आयोजन था।

अब पता चला है कि दिल की तमन्ना दिल में नहीं रहेगी। फ्लाइट तो दिल्ली से उड़ेगी और मिजोरम में लैंड करके रहेगी। मगर अब इस प्लान में कुंभ स्नान आ गया है। पहले प्रयागराज नगरी में कुंभ स्नान होगा और फिर उसके बाद मिजोरम प्रस्थान होगा। यहां पर मिजोरम जाने वाले सीन में इजाफा हो सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद से केवल ये दो चेहरे ही नहीं जाएंगे। गाजियाबाद से कई और ऐसे भाजपाई भी हैं जो मिजोरम जाने का प्लान बना रहे हैं।

## संपादकीय

# क्षमता में सुधार

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 1875 में अपनी शुरूआत से लेकर अब तक काफी सफर तय कर लिया है। इसमें समय के साथ काफी सुधार हुआ है और अब यह देश की वैज्ञानिक उन्नति का प्रतीक है। यह अल्पावधि में और दीर्घावधि में मौसम के रुझानों की विशेषज्ञतापूर्वक जानकारी देता है और मौसम से जुड़ी विपरीत घटनाओं को लेकर समय रहते चेतावनी देता है। चूंकि भारत का मौसम विभाग हाल ही में 150 साल का हुआ है, इसकी महत्ता की अनदेखी नहीं की जा सकती है। मौसम का पूवानुमान विभिन्न क्षेत्रों के रोजमर्रा के काम में अहम भूमिका निभाता है। इनमें खेती, सड़क और रेल परिवहन, उड़ान संचालन, बिजली संयंत्रों से ऊर्जा उत्पादन का प्रबंधन और यहां तक कि पर्यटन भी शामिल हैं। उदाहरण के लिए आईएमडी हवा के चलने की दिशा और गति बताता है, वह दिन के हिसाब से अधिकतम और न्यूनतम तापमान के ऐतिहासिक आंकड़े भी मुहैया कराता है ताकि सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों को लेकर जगह और डिजाइन का निर्धारण किया जा सके।

वर्षा, चक्रवात, लू की चपेट और सूखे का सही अनुमान भी भारत जैसे देशों में आपदा के बेहतर प्रबंधन को लेकर अहम है। पूवार्नुमान का सटीक होना समय के साथ बढ़ता गया। हालांकि अभी भी सुधार की गुंजाइश है। वर्ष1999 में ओडिशा में ह्यसुपर साइक्लोन के बाद आईएमडी ने लगातार यह प्रयास किया है कि चक्रवात का अनुमान लगाने की उसकी क्षमता में सुधार हो। वास्तव में चक्रवात को लेकर पूवार्नुमान लगाने की क्षमता 2000 के दशक के आरंभ के 20 फीसदी से बढ़कर 2020 में 80 फीसदी हो चुकी है। इसी प्रकार अतिरंजित मौसम की घटनाओं को लेकर चार-पांच दिन पहले अनुमान लगाने की क्षमता लोगों का जीवन बचाने में बहुत मददगार साबित हो रही है। इसका श्रेय आईएमडी द्वारा ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, ऑटोमेटिक रेन गेज इंस्ट्रूमेंट्स, डॉप्लर रडार और ऑब्जर्वेटरी जैसी उन्नत तकनीक अपनाने को भी दिया जा सकता है। स्पष्ट है कि आईएमडी का 150 वर्ष का होना भारत जैसे देश के लिए अहम है क्योंकि वह मौसम और जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से तैयार रहना चाहता है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का पूवार्नुमान लगाना और चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में उसकी भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो गई है। इस संदर्भ में हाल ही में जारी आईएमडी विजन डॉक्यूमेंट 2047 आने वाले वर्षों में अहम खाका पेश करने वाला होगा। जैसा कि दस्तावेज में कहा गया है आईएमडी को मौसम और जलवायु संबंधी सूचनाओं को बेहतर बनाते हुए अतिरंजित मौसम की घटनाओं में लोगों की जान जाने पर नियंत्रण करना होगा। इसमें ग्रामीण और परिवार के स्तर पर अतिरंजित मौसम की घटनाओं का 100 फीसदी पता लगाना, तीन दिन पहले एकदम सटीक पूवार्नुमान लगाना, सात दिन पहले 80 फीसदी तक सटीक अनुमान लगाना और 10 दिन पहले तक 70 फीसदी सटीक अनुमान लगाना शामिल है।

# सरकार बजट सत्र में नया आयकर विधेयक पेश करेगी

**नई दिल्ली।** सरकार संसद के आगामी बजट सत्र में एक नया आयकर विधेयक पेश कर सकती है, जिसका उद्देश्य मौजूदा आईटी कानून को सरल बनाना, इसे समझने योग्य बनाना और पृष्ठों की संख्या लगभग 60 प्रतिशत कम करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई के बजट में छह महीने के भीतर छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी।

एक सूत्र के अनुसार, नया आयकर कानून संसद के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। यह एक नया कानून होगा, न कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन। फिलहाल, कानून के मसौदे पर विधि मंत्रालय विचार कर रहा है और बजट सत्र के दूसरे हिस्से में इसे संसद में पेश किए जाने की संभावना है। बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा। पहला भाग (31 जनवरी-13 फरवरी) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करने के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 2024-25 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। संसद 10 मार्च को पुनः आरंभ होगी और 4 अप्रैल तक चलेगी। आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा के लिए सीतारमण द्वारा बजट घोषणा के अनुसरण में,




सीबीडीटी ने समीक्षा की देखरेख करने और अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति का गठन किया था, जिससे विवाद, मुकदमेबाजी कम होगी और करदाताओं को अधिक कर निश्चितता मिलेगी। इसके अलावा, अधिनियम के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए 22 विशेष उप-समितियां स्थापित की गईं। चार श्रेणियों में जनता से सुझाव और सूचनाएं आमंत्रित की गई हैं। ये श्रेणी हैं- भाषा का सरलीकरण, मुकदमेबाजी में कमी, अनुपालन में कमी, और अनावश्यक/अप्रचलित प्रावधान।

आयकर विभाग को अधिनियम की समीक्षा के संबंध में हितधारकों से 6,500 सुझाव प्राप्त हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रावधानों और अध्यायों को काफी हद तक कम किया जाएगा और अप्रचलित प्रावधानों को हटा दिया जाएगा। आयकर अधिनियम, 1961, जो प्रत्यक्ष करों - व्यक्तिगत आईटी, कॉरपोरेट कर, प्रतिभूति लेनदेन कर, उपहार और संपत्ति कर के अलावा- के अधिरोपण से संबंधित है, में वर्तमान में लगभग 298 धाराएं और 23 अध्याय हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार की कोशिश इन धाराओं और अध्यायों में लगभग 60 प्रतिशत की कटौती का है।

सीतारमण ने जुलाई, 2024 के अपने बजट भाषण में कहा था कि समीक्षा का उद्देश्य अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढ़ने और समझने में आसान बनाना है। इससे विवाद और मुकदमेबाजी कम होगी, जिससे करदाताओं को कर निश्चितता मिलेगी। इससे मुकदमेबाजी में उलझी मांग में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इसे छह महीने में पूरा करने का प्रस्ताव है।

# धोखाधड़ी-साइबर अपराध रोकने के लिए दो पहल

## 1600 वाले नंबर से ही आएगी बैंक की कॉल

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने परिपत्र में कहा कि अपराधी ग्राहक के मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। वॉयस कॉल व एसएमएस के जरिये भी धोखाधड़ी की घटनाएं हुई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को ग्राहकों को लेन-देन संबंधी कॉल करने के लिए सिर्फ 1600 से शुरू होने वाली फोन नंबरिंग श्रृंखला का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। प्रचार उद्देश्यों में बैंक व विनियमित संस्थाएं वॉयस कॉल व एसएमएस के लिए सिर्फ 140 से शुरू होने वाली नंबरिंग श्रृंखला का ही इस्तेमाल करेंगी। वित्तीय धोखाधड़ी रोकने के मकसद से यह कदम उठाया गया। रजर्व बैंक ने परिपत्र में कहा कि अपराधी ग्राहक के मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। वॉयस कॉल व एसएमएस के जरिये भी धोखाधड़ी की घटनाएं हुई हैं।




फर्जी फोन कॉल से बचाएगा संचार साथी मोबाइल फोन पर आने वाली फर्जी कॉल व साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए दूरसंचार विभाग ने संचार साथी एप लॉन्च किया है। इसके जरिये साइबर धोखाधड़ी की सीधे रिपोर्ट कर सकेंगे। मोबाइल फोन खो जाने पर इसे इस एप की मदद से खोजा जा सकेगा। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को एप लॉन्च करते हुए कहा कि एप में हर ग्राहक की गोपनीयता व सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। 2023 में संचार साथी पोर्टल लॉन्च किया था, जो प्रभावी साबित हुआ है। नया एप धोखाधड़ी से बचाने के प्रयासों को दोगुना कर देगा।

# भारत का सीफूड निर्यात वित्त वर्ष 25 में अब तक 60,000 करोड़ रुपये से पार

**नई दिल्ली।** भारत का सीफूड निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक बढ़कर 60,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई। सरकार ने बताया कि फ्रोजन झींगा की कुल निर्यात में हिस्सेदारी दो-तिहाई से अधिक थी। वित्त वर्ष 24 में सीफूड का कुल निर्यात 1.78 मिलियन मीट्रिक रहा था और इसकी वैल्यू 60,523.89 करोड़ रुपये थी। एक फरवरी को बजट से पहले इस जानकारी को काफी अहम माना जा रहा है। भारत के सीफूड निर्यात को और मजबूत करने के लिए, सरकार ने झींगा और मछली फीड उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण इनपुट पर आधार सीमा शुल्क (बीसीडी) को घटाकर 5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। इसमें ब्रूडस्टॉक, पॉलीचेट वर्म और विभिन्न फीड घटकों को भी शामिल किया गया है। सरकार के अनुसार, झींगा और मछली फीड के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले इनपुट पर अतिरिक्त छूट लागू होगी। सरकार का कहना है कि सीमा शुल्क में कटौती से इस सेक्टर की प्रतिस्पर्धी क्षमता में इजाफा होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक्वाकल्चर इंडस्ट्री को समर्थन देने के लिए कई कर सुधार लागू किए हैं। इसमें क्रिल मील, फिश लिपिड ऑयल, क्रूड फिश ऑयल, एल्गल प्राइम (आटा) और एल्गल ऑयल पर कर कटौती और आवश्यक फीड सामग्री के लिए बीसीडी घटाकर 5 प्रतिशत करना शामिल है। वित्त वर्ष 24 में अमेरिका, भारत के सीफूड का सबसे बड़ा आयातक था। देश के कुल सीफूड निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 34.53 प्रतिशत या 2.55 अरब डॉलर थी। इस अवधि में फ्रोजन झींगा की यूएस को किए गए सीफूड निर्यात में हिस्सेदारी 91.9 प्रतिशत थी।



भारत के सीफूड निर्यात में चीन दूसरे नंबर पर था। चीन को 1.38 अरब डॉलर मूल्य के 4,51,000 मीट्रिक टन सीफूड का निर्यात किया गया है। इसके बाद जापान तीसरे स्थान पर था। फिर वियतनाम, थाईलैंड, कनाडा, स्पेन, बेल्जियम, यूएई और इटली का स्थान रहा।

# मांग बढ़ने से भारत की आर्थिक वृद्धि दर में तेजी आने की उम्मीद: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जनवरी के मासिक बुलेटिन में कहा गया कि भारत की आर्थिक वृद्धि में उछाल आने की संभावना है, क्योंकि घरेलू मांग में मजबूती आ रही है। आरबीआई के अनुसार, कृषि क्षेत्र की स्थिति अच्छी होने के कारण उपभोग मजबूत बना हुआ है। बुलेटिन में कहा गया कि 2024-25 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधि के हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स में तेजी आने की संभावना है, जो एनएसओ के वार्षिक प्रथम अग्रिम अनुमानों में इस अवधि के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को दशार्ता है। बुलेटिन में बताया गया है कि दिसंबर में लगातार दूसरे महीने महंगाई दर में कमी आई है, हालांकि खाद्य महंगाई में स्थिरता के कारण इसके प्रभावों पर सावधानीपूर्वक निगरानी की आवश्यकता है। घरेलू मांग में फिर से मजबूती आने से भारत की आर्थिक वृद्धि में उछाल आने की संभावना है। कृषि क्षेत्र की स्थिति अच्छी होने के कारण ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, जो कि खपत में मजबूती को दशार्ता है। बुलेटिन में आगे कहा गया कि खरीफ की रिकॉर्ड फसल के कारण कृषि और इससे जुड़े सेक्टरों का अच्छा प्रदर्शन और रबी की अधिक बुवाई के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है।




इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सुधार से प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है। बुलेटिन कहा गया है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 7 जनवरी को जारी 2024-25 के लिए पहले अग्रिम अनुमानों ने पुष्टि की है कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, हालांकि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर लगातार तीन वर्षों से 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि से घटकर 6.4 प्रतिशत हो गई है। वैश्विक व्यापार में भी सुधार होने की उम्मीद है और 2025 में वॉल्यूम विस्तार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होगा। हालांकि, भू-राजनीतिक जोखिमों की निरंतरता और अधिक संरक्षणवादी वातावरण के बढ़ते खतरे से अनिश्चितता बनी रहेगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कभी-कभी इंद्रधनुष रात को भी निकलते हैं। ये मूनबो के नाम से जाने जाते हैं और इनका रंग एकदम सफेद होता है।
- अगर उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर स्थित पूरी बर्फ पिघल जाए तो सभी महासागरों का जल-स्तर 180 फीट बढ़ जाएगा।
- अमरीका में न्यू हैम्पशायर स्थित पहाड़ ह्य माउंट वाशिंगटन के ऊपर साल में 100 से अधिक दिनों तक तूफानी हवाएं चलती हैं।
- 1556 में आए भूकंपों के दौरान चीन में 830000 लोग मरे।
- वैसे तो बर्फ के पहाड़ आईसबर्ग खारे समुद्रों में तैरते हैं परंतु इनमें से अधिकांश ताजे (मीठे) पानी के बने होते हैं।
- बारिश की बूँदों का आकार आंसू की बूँदों जैसा नहीं होता। वे देखने में पकौडी या आटे की लोई जैसी लगती हैं।
- नर और मादा हाथी कभी-कभी अपनी सूंडों को फंसा कर चलते हैं मानो एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर चल रहे हों।
- गोरिल्ले पानी से इतना डरते हैं कि वे उसे पीते तक नहीं। उनकी पानी की सारी जरूरत फल और पौधे खाने से पूरी हो जाती है।

## राशिफल

**मेष:** जीवन में चली आ रही स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**वृष:** आज दिन बेहतर रहेगा, मानसिक तनाव महसूस होगा और कुछ खर्चे भी बढ़ेंगे। इनकम में कमी देखी जा सकेगी, जिसकी वजह से काफी दबाव महसूस करेंगे।

**मिथुन:** आज दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क:** इंटरव्यू देने जाएं तो दिमाग ठण्डा रखें। जल्द ही शुभ समाचार की प्राप्ति होने लगेगी। अपनी काबिलियत के बदौलत सब कुछ करने का प्रयास कर सकते हैं।

**सिंह:** आज का दिन किसी यात्रा पर जाने का संकेत दे रहा है। यात्रा अच्छी रहेगी। आपके भाई बहनों को भी सुख मिलेगा और उनसे आपके संबंध बेहतर बनेंगे।

**कन्या:** दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से धन लाभ आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा।

**तुला:** पार्टनर से संबंध अच्छे होंगे। किसी से तभी दोस्ती करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और भली-भांति समझ लें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी रहेगा।

**वृश्चिक:** आपके लिए दिन मिलाजुला असर लेकर आएगा। दिन की शुरूआत अच्छी आमदनी से होगी। वहीं दिन चढ़ने के साथ-साथ खर्चे बढ़ जाएंगे।

**धनु:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर:** आज आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है। छोटी दूरी की सुखद यात्रा हो सकती है। पत्नी से संतुष्टि तथा सुखद स्थिति का निर्माण होगा।

**कुंभ:** आपके लिए आज का दिन सुकून भरा रहेगा। जो मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान थे उनकी समस्या दूर होगी। कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मीन:** दिन अच्छा रहेगा। लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल हो सकते हैं।

## चुटकुले

गोलू - मां सारे खिलौने बेड के नीचे छिपा दो...
गोलू की मां - क्यों?
गोलू- क्योंकि मेरा दोस्त डब्बू आ रहा है..
गोलू की मां - डब्बू खिलौने चुरा लेगा क्या?
गोलू- नहीं, वह अपने खिलौने पहचान लेगा।

पोलियो टीम घर आई...
चीकू- बंदूक और कारतूस कहां हैं?
सुनकर टीम भाग गई...
पीछे से टीटू ने आवाज दी,
रुको, रुको
ये हमारे बच्चों के नाम हैं।

टीटू बिजली की दुकान पर गया और दुकानदार से बोला- एक काला बल्ब देना।
दुकानदार- भाई साहब, काले बल्ब का क्या करोगे?
टीटू- यार, दोपहर को अंधेरा करके सोना है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आईपीएल 2025 : कोलकाता में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी 'एलएसजी'

## कप्तान की हो सकती है घोषणा

**नई दिल्ली।** आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) सोमवार को कोलकाता में आरपीएसजी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में 2025 सीजन से पहले अपने नए कप्तान की घोषणा कर सकती है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने अधिकारिक बयान में ये नहीं बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में किन विषयों पर चर्चा होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस को एलएसजी के मालिक और आरपीएसजी समूह के अध्यक्ष संजीव गोयनका द्वारा संबोधित किए जाने की उम्मीद है।



आईपीएल 2022 और 2023 सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद, एलएसजी 2024 में पहली बार प्लेऑफ से चूक गई, क्योंकि वह खराब नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। आईएएनएस से बात करने वाले कुछ फ्रैंचाइजी अधिकारियों ने कहा कि सोमवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस में नए एलएसजी कप्तान की घोषणा या फ्रैंचाइजी की नई जर्सी का अनावरण हो सकता है,या फिर दोनों हो सकता है। ऐसे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम को कुछ खिलाड़ियों की मौजूदगी आवश्यक रहेगी।

पिछले साल जेद्दा में आईपीएल मेगा नीलामी में, एलएसजी ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदकर सभी को हैरान कर दिया था, जिससे वह आईपीएल नीलामी में बिकने वाले अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। 2022 सीजन से उनके कप्तान केएल राहुल के नीलामी से पहले फ्रैंचाइजी छोड़कर दिल्ली कैपिटल्स में चले जाने के बाद, एलएसजी द्वारा पंत को अपना नया कप्तान बनाए जाने की पूरी उम्मीद है। पंत 2023 सीजन को छोड़कर, आईपीएल के 2021 से 2024 सीजन तक दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे, जिसे उन्होंने दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में लगी चोट से उबरने के कारण छोड़ दिया था। लेकिन रिटेंशन की समय सीमा से पहले, उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने रिलीज कर दिया, जिससे उनके साथ उनका नौ साल का संबंध समाप्त हो गया और मेगा नीलामी में एलएसजी ने उन्हें चुन लिया।

एलएसजी की टीम में कप्तानी के अन्य उम्मीदवार वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन हैं, जो 21 करोड़ रुपये में टीम के शीर्ष रिटेन खिलाड़ी हैं और राहुल की जगह एक बार कप्तानी भी कर चुके हैं। साथ ही दक्षिण अफ्रीका के टी-20 इंटरनेशनल टीम के कप्तान एडेन मार्कराम और ऑस्ट्रेलिया टी-20 इंटरनेशनल टीम कप्तान मिशेल मार्श भी हैं। पिछले साल अगस्त में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एलएसजी ने भारत के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान को टीम का नया मेंटर घोषित किया था। जहीर इससे पहले 2018 से 2022 तक मुंबई इंडियंस के साथ क्रिकेट निदेशक और वैश्विक विकास प्रमुख के तौर पर जुड़े थे

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया की घोषणा
## रोहित कप्तान, गिल उपकप्तान, शमी की वापसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान एक बार फिर रोहित शर्मा को सौंपी गई है। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म से गुजर रहे रोहित शर्मा की कप्तानी हाल-फिलहाल में आलोचना के केंद्र में थी। इसके अलावा विराट कोहली की फॉर्म भी चिंता का विषय रही है। हालांकि, बीसीसीआई ने बड़े आईसीसी टूनार्मेंट के लिए इन सीनियर खिलाड़ियों के अनुभव पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। रोहित की कप्तानी में भारत ने साल 2024 में टी20 विश्व कप जीता था। टीम में विराट कोहली भी थे। दोनों दिग्गजों ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदाई की घोषणा कर दी थी।





चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रोहित शर्मा, विराट कोहली के अलावा श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल जैसे टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों को भी लिया गया है। वहीं ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पांड्या की स्वाभाविक वापसी हुई है। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी टीम का हिस्सा हैं। बाएं हाथ के ऑलराउंडर अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा भी टीम का हिस्सा हैं। इसके साथ ही वाशिंगटन सुंदर भी एक और ऑलराउंडर के तौर पर टीम में शामिल हैं।

गेंदबाजी विभाग की बात करें तो अक्षर, सुंदर, जडेजा के अलावा कुलदीप यादव स्पिन विभाग का मोर्चा संभालेंगे। पेस अटैक की अगुवाई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार गेंदबाजी करने वाले स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह करेंगे। इसके साथ ही अनुभवी मोहम्मद शमी की लंबे समय बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी हुई है। शमी-बुमराह की जोड़ी के अलावा अर्शदीप सिंह भी तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होने जा रही चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप ए में टीम इंडिया के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी शामिल हैं। भारत दुबई में 20 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज भी खेलेगी। सीरीज के मैच 6,9 और 12 फरवरी को क्रमशः नागपुर, कटक और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। भारत ने इस सीरीज के लिए चैंपियंस ट्रॉफी को स्क्वाड को बरकरार रखने के अलावा हर्षित राणा को भी जगह दी है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, रवींद्र जडेजा

# मलेशिया में एक और विश्व कप ट्रॉफी जीतकर अंडर-19 करियर को शानदार विदाई देना चाहती हैं त्रिशा

**नई दिल्ली।** जी. त्रिशा के लिए 2023 अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप फाइनल उनके क्रिकेट करियर की सबसे यादगार मैच है। इस दिन भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर पहली बार अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। तब 69 रनों का पीछा करते हुए त्रिशा ने सबसे ज्यादा 24 रन बनाए थे, हालांकि वह विनिंग रन बनाने से चूक गईं। त्रिशा ने हेयरलाइन फ्रैक्चर होने के बावजूद योगदान दिया। यह उनके लिए वाकई एक अहम पल था। त्रिशा ने आईएएनएस के साथ खास बातचीत में उस पल को याद करते हुए बताया, सबको लगा था कि मैं खेल नहीं पाऊंगी, लेकिन मैंने भारत के लिए पूरा मैच खेला। यह मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि मेरे फिजियो ने आकर मुझे गले लगाया और तब बहुत भावुक क्षण था। यह जीत हमारी टीम के स्टाफ, फिजियो और कोचों के समर्थन के बिना संभव नहीं थी। अब त्रिशा मलेशिया में होने वाले अपने दूसरे अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए तैयार हैं। रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अभियान की शुरूआत से पहले, टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन का काफी दारोमदार त्रिशा और जी. कमलिनी की ओपनिंग जोड़ी पर होगा। मलेशिया में आयोजित पहले अंडर-19 महिला एशिया कप में त्रिशा ने पांच पारियों में 53 की औसत और 120.45 के स्ट्राइक रेट से कुल 159 रन बनाए। उन्होंने फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच और टूनार्मेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता। अपने शानदार तकनीक और आकर्षक शॉट्स के लिए पहचानी जाने वाली त्रिशा ने आगे कहा, ह्लयह सिर्फ एशिया कप जीतने की बात नहीं है। पिछले 6-7 महीनों से हम लगातार साथ में प्रैक्टिस कर रहे हैं और हमारी टीम का बहुत अच्छा तालमेल है। मुझे दूसरी बार इस बड़े टूनार्मेंट में खेलने का मौका मिला है, इसके लिए मैं आभारी हूं।



# एसए 20 : किंग्समीड में जीत की राह पर लौटे सनराइजर्स ईस्टर्न केप

**डरबन।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने किंग्समीड में डरबन सुपर जायंट्स पर 58 रन की जीत के टूनार्मेंट में वापसी की है। पिछली बार की चैंपियन तीन हार के बाद अपने 'एसए 20' के तीसरे सीजन में जीत के लिए बेताब थे। एडेन मार्क्रम की टीम ने अपने कप्तान की अपील पर बल्ले से बेहतर प्रदर्शन किया। टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जैक क्रॉली ने 29 गेंदों में 34 रन बनाकर शुरूआती गति प्रदान की, इससे पहले साथी इंग्लिश खिलाड़ी टॉम एबेल ने 39 गेंदों में 57 रन बनाकर मध्यक्रम में रनों की गति बनाए रखी। मार्को जेनसन ने पिछले मैच में अर्धशतक बनाया था, उन्होंने फिर से 26 गेंदों में नाबाद 36 रन बनाकर मैच के अंत में शानदार प्रदर्शन किया। इस लंबे कद के ऑलराउंडर ने ट्रिस्टन स्टब्स (आठ गेंदों में नाबाद 15) के साथ 13 गेंदों में 24 रन की अटूट साझेदारी की और सनराइजर्स को 165/5 तक पहुंचाया। मिस्ट्री स्पिनर नूर अहमद 4-24 के आंकड़े के साथ सुपर जायंट्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। सुपर जायंट्स की शुरूआत ओपनर ब्रायस पार्सन्स और मैथ्यू ब्रीट्जके ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़कर पॉजिटिव अंदाज में की। हालांकि बाद में पार्सन्स 21 गेंदों पर 23 रन बनाकर रन आउट हो गए। सुपर जायंट्स इसके बाद कभी उबर नहीं पाए, बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने किंग्समीड में स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाया। अंग्रेज खिलाड़ी ने केन विलियमसन (3) को कैच एंड बोल्ड करके अपना अनुभव दिखाया और ब्रीट्जके (21) को आउट करके चार ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए। डॉसन को साथी स्पिनर साइमन हार्मर का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने हेनरिक क्लासेन का बड़ा विकेट सिर्फ एक रन पर लिया।



# इंदिरा गांधी स्टेडियम की अव्यवस्था से खफा हुईं मिया ब्लिचफेल्ट

## दिल्ली के प्रदूषण पर भी की बात

**नई दिल्ली।** ब्लिचफेल्ट को पेट में संक्रमण हो गया था। वह दूसरे दौर में चीन की वांग झी यी से 21-13, 16-21, 8-21 से हार गईं थीं।डेनमार्क की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहे इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम की स्थितियों की आलोचना की। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के प्रदूषण स्तर को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया। दरअसल, ब्लिचफेल्ट को पेट में संक्रमण हो गया था। वह दूसरे दौर में चीन की वांग झी यी से 21-13, 16-21, 8-21 से हार गईं थीं। ब्लिचफेल्ट ने इंस्टाग्राम पर लिखा, भारत में एक लंबे और तनावपूर्ण सप्ताह के बाद आखिरकार घर पहुंच गई हूं। यह लगातार दूसरा वर्ष है जबकि इंडिया ओपन के दौरान मैं बीमार पड़ गई थी।



उन्होंने कहा, यह स्वीकार करना वाकई मुश्किल है कि कई हफ्तों की मेहनत और तैयारी खराब परिस्थितियों के कारण बर्बाद हो जाती है। यह किसी के लिए भी उचित नहीं है कि हमें धुंध, कोर्ट पर पक्षियों द्वारा फैलाई गई गंदगी और हर तरफ गंदगी के बीच अभ्यास करना और खेलना पड़ा। डेनमार्क की इस खिलाड़ी में विश्व बैडमिंटन महासंघ को टैग करते हुए लिखा, इस तरह की स्थितियां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और अस्वीकार्य हैं। मुझे खुशी है कि मैं पहले दौर में जीत हासिल करने में सफल रही और दूसरे दौर में भी मैंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन जिस तरह की स्थिति थी उससे मैं संतुष्ट नहीं हूं।

# चोट के कारण रणजी ट्रॉफी के अगले राउंड से बाहर रहेंगे कोहली और राहुल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और केएल राहुल ने बीसीसीआई की मेडिकल टीम को सूचित किया है कि वे चोटों से जूझ रहे हैं। इस कारण वे 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैचों के आगामी दौर में भाग नहीं ले पाएंगे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने बताया ने बताया कि कोहली गर्दन के दर्द से जूझ रहे हैं, जिसके लिए उन्हें सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के खत्म होने के बाद 8 जनवरी को एक इंजेक्शन दिया गया था। उपचार के बावजूद, उन्हें अभी भी दिक्कत हो रही है, जिसके कारण वह राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के मैच से बाहर हो जाएंगे। दूसरी ओर, राहुल कोहनी की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह बेंगलुरु में पंजाब के खिलाफ कर्नाटक के लिए नहीं खेल पाएंगे। गुरुवार को बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के खिलाफ जरूरी दिशा-निर्देश जारी किया। इसमें घरेलू क्रिकेट में अनिवार्य रूप से भागीदारी लेना भी शामिल है। जो खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलेगा, उसको राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष से अनुमति लेनी होगी। हालांकि कोहली और राहुल दोनों इस दौर में नहीं खेलेंगे, फिर भी वे ग्रुप चरण के अंतिम दौर में खेल सकते हैं, जो 30 जनवरी से शुरू होगा। हालांकि, ये मैच 6 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज से ठीक पहले समाप्त होंगे। दोनों खिलाड़ी एकदिवसीय टीम और चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाने के लिए दावेदार हैं। दोनों टूनार्मेंटों के लिए टीम चयन की घोषणा शनिवार को की जाएगी। ऋषभ पंत (दिल्ली), शुभमन गिल (पंजाब) और रवींद्र जडेजा (सौराष्ट्र) समेत अन्य नियमित टेस्ट खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी मैचों के अगले दौर में भाग लेंगे। भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने भी इस सप्ताह की शुरूआत में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम के साथ अभ्यास किया।



### रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलेंगे रोहित शर्मा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से मुंबई के एमसीए-बीकेसी मैदान पर जम्मू-कश्मीर के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलने की पुष्टि की है। रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में कहा, हां, मैं खेलूंगा। इस सप्ताह की शुरूआत में रोहित मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम के प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए थे, जिसके बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि वह रणजी ट्रॉफी में खेल सकते हैं। बीसीसीआई ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में खेलने के निर्देश दिए हैं, जिस वजह से यह अटकलें शुरू हुईं। हालांकि, रोहित ने यह भी स्पष्ट किया कि खिलाड़ियों को व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के कारण घरेलू क्रिकेट खेलने का समय कम ही मिलता है। उन्होंने कहा, अगर आप हमारे कैलेंडर को देखें, तो ऐसा कभी नहीं हुआ कि हम 45 दिन तक घर पर बैठे रहे हों जबकि क्रिकेट चल रहा हो। आपको वह समय आईपीएल खत्म होने के बाद ही मिलता है और फिर कुछ नहीं होता। रोहित ने कहा कि भारत का घरेलू सत्र अक्टूबर या सितंबर से शुरू होकर फरवरी या मार्च में खत्म होता है। यही समय होता है जब भारतीय टीम बहुत क्रिकेट खेलती है।



# रायपुर में 6 फरवरी से शुरू होगी लीजेंड 90 लीग, खेलते नजर आएंगे कई दिग्गज

**रायपुर।** लीजेंड 90 लीग की शुरूआत 6 फरवरी से 18 फरवरी तक रायपुर में होगी। इस लीग में भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, सुरेश रैना और न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर जैसे दिग्गज खिलाड़ी खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच, श्रीलंका के पूर्व ओपनर तिलकरत्ने दिलशान और मार्टिन गप्टिल जैसे बड़े नाम भी इस लीग का हिस्सा होंगे। इस लीग में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लैडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात संप आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज, रॉयल किंग्स पंजाब और राजस्थान किंग्स जैसी रोमांचक टीमें हिस्सा लेंगी। 90 गेंदों का नया फॉर्मेट इसे क्रिकेट का एक अनोखा अनुभव बनाएगा।




लीजेंड 90 लीग के डायरेक्टर शिवैन शर्मा ने कहा, हमें खुशी है कि हम यह लीग लेकर आ रहे हैं, जिसमें क्रिकेट के महान खिलाड़ियों को नए और रोमांचक फॉर्मेट में देखने का मौका मिलेगा। हमें यकीन है कि यह लीग क्रिकेट की दुनिया में नया इतिहास बनाएगी। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम में मार्टिन गप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायडू जैसे खिलाड़ी होंगे। जबकि दिल्ली रॉयल्स की टीम में शिखर धवन और रॉस टेलर खेलेंगे। हरियाणा ग्लैडिएटर्स में हरभजन सिंह दिखेंगे तो राजस्थान किंग्स में ड्वेन ब्रावो खेलेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन दुबई जायंट्स की ओर से खेलेंगे। दिल्ली रॉयल्स की ओर से खेलने जा रहे शिखर धवन ने अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, मैं इस सीजन में दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैदान पर अपनी बेहतरीन फॉर्म दिखाने के लिए तैयार हूं। मेरे सभी फैंस का प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। इसके अलावा, लीग में इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली भी खेलेंगे। दिग्गज खिलाड़ियों और नए फॉर्मेट के साथ, लीजेंड 90 लीग क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव बनकर उभरने के लिए तैयार है।

# स्वियातेक आसान जीत से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में, बालाजी-वरेला की जोड़ी हार के साथ बाहर

**नई दिल्ली।** पिछले साल डोपिंग मामले के कारण एक महीने का निलंबन स्वीकार करने वाली स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु पर आसान जीत के साथ शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूनार्मेंट के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने मैच के अंतिम 11 गेम जीतकर अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को 6-1, 6-0 से हराया। पिछले साल डोपिंग मामले के कारण एक महीने का निलंबन स्वीकार करने वाली स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हालांकि वह अभी तक सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई है। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, 'मैंने कुछ अच्छे शॉट लगाए और बाद में मैंने सोचा कि मैं इसी के लिए अभ्यास करती हूं। शुरू से ही मुझे लगा कि मैं अच्छा खेल रही हूं और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।'





आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरूआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। इस बीच अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था। मिशेलसन ने मैच के बाद कहा, 'मैंने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हो रहा है। मैं बहुत खुश हूं। इसे बयां करने के लिए अभी मेरे पास बहुत शब्द नहीं हैं।' भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला शनिवार को यहां नूनो बोर्गेस और फ्रांसिस्को कैब्राल की पुर्तगाली जोड़ी से दूसरे दौर में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूनार्मेंट के पुरुष युगल से बाहर हो गए। मेलबर्न पार्क में दो घंटे और नौ मिनट तक चले करीबी मुकाबले में बालाजी और वरेला की जोड़ी को 6-7 (7), 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट काफी रोमांचक रहा जो 56 मिनट तक चला। इस सेट में कोई भी जोड़ी सर्विस नहीं तोड़ पाई और मामला टाईब्रेकर में चला गया, जहां बोर्जेस और कैब्राल ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए जीत हासिल की।

# शालीमार गार्डन नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी व विपिन डागर का हुआ स्वागत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन का नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी व भोपुरा मंडल अध्यक्ष, विपिन डागर का शनिवार को शालीमार गार्डन बी ब्लॉक भाजपा नेता पवन रेड्डी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता वीरेंदर दीक्षित, अशोक पटवाल, अरुण पाल मनोज अधिकारी, सुषमा चौधरी, मनीष गोयल, वीरेंद्र दुबे अभिषेक कुंवर, अमित गुप्ता, नीरज त्यागी, सोनू बंसल, सचिन शर्मा, प्रमोद द्वारा किया गया। उधर शहीदनगर, शालीमार गार्डन में भी मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी का जोरदार स्वागत सम्मान



किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता - राजपाल वैध तुषार वाल्मीकि, सूर्य वाल्मीकि मनीष धर्मबीर, प्रदीप, शेरा वाल्मीकि शालीमार गार्डन में - कपिल शर्मा, सौरभ भाई, भूपेंद्र (भूपी) अमित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दबंगों ने महिला से की मारपीट, पीड़िता ने लगाया छेड़खानी का आरोप

## पुलिस ने 5 के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा




**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के कपूरपुर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। नगला छज्जु गांव में दबंगों ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसके परिवार पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### महिला ने पड़ोसी युवक पर लगाया छेड़खानी का आरोप

घटना 16 जनवरी की रात की है। पीड़िता के ने बताया कि जब वह घर पर अकेली थी, तब पड़ोसी विशाल उसके घर में घुस आया। महिला ने शोर मचाया और घर से बाहर निकलकर गेट बंद कर दिया। परिजनों को सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और पुलिस को भी सूचित किया। पीड़िता का आरोप है कि जैसे ही गेट खोला गया, विशाल, मोनू और उनके परिवार के अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान विशाल ने महिला से छेड़छाड़ भी की। इसके बाद विशाल के परिवार वाले उसे वहां से ले गए।

### पुलिस ने 5 लोगों पर दर्ज की मुकदमा

थानाध्यक्ष अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर विशाल और मोनू समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली में बनेगी भाजपा की सरकारः पुष्पेंद्र गुप्ता



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** युवा मोर्चा महानगर के कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराध कम हुए हैं। अपराधियों से सख्ती से निपटने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं। सरकार का अपराध नियंत्रण पर दिल्ली विधानसभा चुनाव पर कहा कि इस बार आम आदमी पार्टी सरकार का सफाया तय है। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी, क्योंकि केजरीवाल ने जो भी वादा किया था, कोई भी पूरा नहीं किया। यमुना को साफ करने का वादा था लेकिन यमुना को और गंदा कर दिया। दिल्ली के लोगों को स्वच्छ पेयजल अभी भी नहीं मिल रहा है। दिल्ली की बदहाल स्थिति को भाजपा ही बदल सकती है, दिल्ली की जनता को आप के झूठे वादों और लूट से बचने के लिए भाजपा को जीत दिलवाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 वर्ष में विश्व में सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठा के साथ शांति सुरक्षा एवं सम्मान और सद्भाव का संदेश दुनिया को दिया है। मोदी जी ने देश में गरीब किसान दलित एवं पिछड़े वर्ग सहित युवा एवं मातृशक्ति के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है। व्यापार एवं स्वदेशी उद्योगो को बढ़ावा मिला है निर्यात रक्षा संसाधन इंफ्रास्ट्रक्चर वायु सेवा रेल सेवा में प्रगति देखने को मिल रही है।

# हिस्ट्रीशीटर ने साथियों संग युवक पर किया जानलेवा हमला



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी युवक को जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। थानान्तर्गत गांव बेगमाबाद निवासी दलित युवक सुधीर उर्फ लीलू ने पुलिस को दी तहरीर। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर जांच करायी जा रही है, आरोप सही पाये जाने पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# पैसे लेकर लौट रहा युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पैसे लेकर घर वापस लौट रहा एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने अपहरण कर अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। गोविन्दपुरी की सारा मार्ग कॉलोनी निवासी सोनू अपनी पत्नी सोनिया के साथ रहते हैं।

पुलिस युवक की तलाश कर रही है।

# नोएडा में 14 अवैध फार्म हाउस ढहाए

# नेताओं और रिटायर्ड अधिकारियों से करोड़ों की जमीन खाली कराई





**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा प्रशासन ने शनिवार को यमुना नदी के डूब क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 अवैध फार्म हाउसों को ध्वस्त कर दिया। इकोटेक प्रथम कोतवाली क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई में एसडीएम चारुल यादव और तहसीलदार डॉ. अजय कुमार की अगुवाई में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, ये फार्म हाउस कुछ रिटायर्ड अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के बताए जा रहे हैं, जिन्होंने एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करते हुए यमुना के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण किया था। करोड़ों रुपये की इस बेशकीमती जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटाने की यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि डूब क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान भू-माफिया मौके पर नहीं पहुंच सके, लेकिन इस कार्रवाई से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई यमुना नदी के पर्यावरण संरक्षण और अवैध कब्जों से मुक्ति के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर की नई कार्यकारिणी गठित

## डीके शुक्ला एडवोकेट निर्विरोध बने अध्यक्ष

## इनकम टैक्स को लेकर करेंगे जागरूक



**नोएडा (करंट क्राइम)।** बार एसोसिएशन गौतम बुध नगर के साल 2025-26 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसी चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी आर पी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चुनाव में कार्यकारिणी के महासचिव पद के लिए प्रदीप कुमार शर्मा एडवोकेट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आलोक यादव एडवोकेट को हराया।

वहीं सह सचिव पद के लिए सुनील कुमार एडवोकेट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजीव कुमार सोलंकी के विरुद्ध भारी मतों से विजय प्राप्त की। वहीं डीके शुक्ला एडवोकेट को नई कार्यकारिणी में बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा रेनू त्यागी एडवोकेट को उपाध्यक्ष, राजेश कुमार एडवोकेट को कोषाध्यक्ष, मानव शर्मा एडवोकेट को सचिव जीएसटी, ओंकार सिंह एडवोकेट को सचिव आयकर, विभाकर श्रीवास्तव एडवोकेट सचिव सिविल एवं क्रिमिनल, देवराज सिंह को कार्यकारिणी सदस्य, रोहित चौहान को कार्यकारिणी सदस्य ये सभी निर्विरोध चुने गए। इस मौके महासविच बने एडवोकेट प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि हमारी कार्यकारिणी भविष्य में जीएसटी, इनकम टैक्स को लेकर लोगों के बीच जागरूकता का अभियान चलाएगी। इसके लिए सेमिनार एवं अन्य समस्याओं के निवारण के लिए आवश्यक कार्य किए जाएंगे।

# सहकर्मी को लिफ्ट देना पड़ा महंगा, महिला को कार में ले जा रहे युवक पर पति ने किया जानलेवा हमला

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला सहकर्मी को ऑफिस के लिए लिफ्ट देना एक युवक को भारी पड़ गया। महेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी अभिनव चौधरी, जो एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, सुबह करीब साढ़े नौ बजे अपनी महिला सहकर्मी को लेने उनके घर गए थे।

इस दौरान महिला के पति सचिन राठी ने अचानक अभिनव पर डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। आक्रोशित पति ने युवक को इतनी बेरहमी से पीटा कि वह बेहोश हो गया। इतना ही नहीं, आरोपी ने गुस्से में कार का शीशा भी तोड़ दिया। किसी तरह अभिनव ने अपनी जान बचाई और अस्पताल की ओर भागे। परिजनों ने घायल अभिनव को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया और मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, गोविन्दपुरी कॉलोनी निवासी सचिन राठी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।




# तैयार हो रही है ईनाम वाली लिस्ट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि 26 जनवरी को पुलिस लाइन गाजियाबाद में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए तैयारियां अंतिम दौर में चल रही हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लोकल स्तर पर पुलिस के अलग-अलग स्तर के कर्मचारियों को मिलने वाले ईनाम की भी लिस्ट तैयारी शुरू हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि इस बार 26 जनवरी वाली लोकेल लिस्ट में सिटी और देहात जोन को कई पुरस्कार मिल सकते हैं। तो वहीं कमिश्नरेट के कई एसीपी भी इस बार लाइन वाले परेड ग्रांउड में सम्मानित होने वाले हैं। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते दिनों एक करोड़ रुपए से अधिक की डकैती के मामले का खुलासा करने वाली टीम को भी प्रशस्ति पत्र लाइन में दिए जाएंगा। तो वही पिंक बूथ पर बेहतर कार्य करने वाली महिला पुलिस टीम भी सम्मानित होगी। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम को लेकर भी इनाम दिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में ट्रैफिक पुलिस के कुछ पुलिसकर्मी भी इनाम पाने वाली लिस्ट में शामिल हो सकते हैं। साथ ही कई साहब लोगों के स्टाफ पर भी कृपा बरसाने की जानकारी पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने दी है। उधर अभी से चर्चा हो गई है कि 26 वाली परेड में किन-किन थाना प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा, यह देखना भी बेहद खास रहेगा। बता दें कि पिछले साल सीन बदल गया था और कई एसीपी परेड का आनंद नहीं ले पाए थे। तो वहीं थाना प्रभारी और पिंक बूथ वाले भी परेड वाले मैदान से दूर ही रहे थे। कुल मिलाकर देखना होगा कि इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लाइन में होने वाली 26 तारीख की परेड में किन पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को उसमें शामिल किया जाता है। किसका अधिक जलवा देखने को मिलेगा और किन-किन जोन के नाम कौन सा इनाम आता है, यह भी महत्वपूर्ण रहेगा। कुल मिलाकर 24 तारीख को होने वाली फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद 26 वाला सीन क्लियर होने की बात की जा रही है। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम का यह तीसरा गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित होने वाला है। जिसको फाइनल राउंड की हरी झंडी खुद बड़े साहब द्वारा दी जानी है।




# गोकशी का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

## गोलीबारी में पुलिस का एक जवान भी बाल-बाल बचा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पुलिस ने गौ तस्करी के एक मामले में फरार चल रहे गौतस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गौतस्कर के पैर में गोली लगी है। भोजपुर पुलिस ने बताया कि गोकशी के आरोप मे फरार चल रहे एक गौतस्कर को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान हुई गोलीबारी में पुलिस का एक जवान बाल-बाल बच गया। मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार युवक मेहताब पुत्र तौसीफ गांव कलछीना का निवासी है और शातिर गौतस्कर है, जो गैंग बनाकर लगातार गोकशी कर रहा था। भोजपुर थानान्तर्गत गांव पट्टी से गांव तिबड़ा को जाने वाले रास्ते पर स्थित जंगल में यह मुठभेड़ हुई। महताब पर गोकशी व गैंगस्टर समेत आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि इस गैंग में जो अन्य लोग हैं, उनकी तलाश की जा रही है। मेहताब के पास से एक तमंचा, पशु काटने का चाकू, रस्सी व अन्य सामान बरामद हुआ है।

सेवा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सब पढ़े सब बढ़े के उद्देश्य के साथ पुष्पांजलि महिला सेवा संस्थान ने छोटे बच्चों को शिक्षण साम्रगी उपहार में दी। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा प्रसाद ने कहा मेरा लक्ष्य हमेशा से ये रहा है समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को शैक्षिक रूप से मजबूत किया जाए। मेरी संस्था हमेशा से शिक्षा चिकित्सा और स्वालंबन के क्षेत्र में काम करती है। हमारा यह प्रयास रहता है कि मदद का ये आंदोलन जारी रहे। इस अवसर पर उमा चौहान, सुषमा चौहान, रेनू सिंह, वैशाली, दुर्गा प्रसाद, सीमा, सोनू मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कपड़ा व्यापारी हत्याकांड में 2 आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस से मुखबिरी का शक होने पर की थी हत्या



**हापुड (करंट क्राइम)।** हापुड़ में कपड़ा व्यापारी नासिर खान उर्फ लालू की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से दो तमंचे बरामद किए गए हैं। एसपी केजी सिंह के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी आमिर और फुरकान ने पूछताछ में बताया कि उन्हें शक था कि नासिर ने ही पुलिस को उनके बारे में जानकारी दी थी। घटना 10 जनवरी की है, जब आरोपियों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत नासिर को क्लीयर शरीफ जाने का बहाना बनाकर महिंद्रा एक्सयूवी 300 में बिठाया। गाड़ी में पहले से ही पेट्रोल रखा हुआ था। फुरकान गाड़ी चला रहा था और आमिर पीछे बैठा था। छिजारसी टोल से पहले आमिर ने नासिर के सिर में गोली मार दी। इसके बाद दोनों आरोपी शव को दिल्ली-मुरादाबाद न्यू हाईवे पर ले गए, जहां निमार्णाधीन पुल के पास कच्ची पटरी पर शव को उतारा। पहचान छिपाने के लिए मृतक के चेहरे और शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जांच में पता चला है कि मृतक नासिर का राशिद गैंगस्टर केवल वाला और हाशिम उर्फ बाबा जैसे अपराधियों से भी संपर्क था। फुरकान का भाई इरफान फिरौती के एक मामले में जेल में है, जिसे लोधी स्पेशल सेल दिल्ली ने गिरफ्तार किया था। इसी के चलते आमिर भी पुलिस के डर से फरार हो गया था, जिससे उसका कारोबार प्रभावित हुआ था।

# स्वामित्व योजना से हापुड़ के ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात

## 70 गांवों के 20 हजार परिवारों को मिला घर का मालिकाना हक



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में स्वामित्व योजना के तहत 70 गांवों के 20 हजार से अधिक ग्रामीणों को उनके घरों का कानूनी मालिकाना हक मिल गया है। श्री सरस्वती विद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस महत्वपूर्ण योजना से अब ग्रामीणों के घरों पर कोई अवैध कब्जा नहीं कर सकेगा। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने बताया कि घरौनी प्रमाण पत्र से लाभार्थियों को बैंक से लोन लेने में आसानी होगी और वे आसानी से अपना व्यवसाय शुरू कर सकेंगे।

इस योजना का सबसे बड़ा फायदा यह है कि सभी भूलेख अब डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगे, जिससे एक ही जमीन की कई लोगों को रजिस्ट्री करने जैसी धोखाधड़ी पर रोक लगेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक विजयपाल आढती, गढ़मुक्तेश्वर के हरेंद्र सिंह तेवतिया, धौलाना के धर्मेश तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम सहित कई गणमान्य व्यक्ति और लाभार्थी मौजूद रहे।

# अमेरिका के निचले सदन में ताइवान के साथ दोहरे कर से राहत देने वाला विधेयक पारित

**वॉशिंगटन ।** बता दें, इस विधेयक को यूएस-ताइवान एक्सपेडाइटेड डबल-टैक्स रिलीफ एक्ट कहा गया है। यह सदन में 423-1 मतों से पारित हुआ। अब इसे अमेरिकी सीनेट में भेजा जाएगा। अगर इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह अमेरिकी राष्ट्रपति के पास जाएगा, जिनके हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन जाएगा।

विधेयक का मुख्य उद्देश्य अमेरिका और ताइवान के बीच दोहरे कर को रोकना है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह अमेरिका में रहने वाले पात्र ताइवानी निवासियों को कर छूट प्रदान करने के लिए वर्तमान अमेरिकी कर कानूनों में संशोधन करना चाहता है और अमेरिका में लाभांश और ब्याज जैसे विशिष्ट स्रोतों से आय पर रोक लगाने वाले कर की दरों को कम करना चाहता है।



**ताइवान में व्यापार करने वाले अमेरिकियों को देना :** इस विधेयक के तहत, एक महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि यूएस-ताइवान टैक्स एग्रीमेंट ऑथराइजेशन एक्ट को लागू किया जाएगा, जिसके तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को ताइवान के साथ कर समझौते पर बातचीत करने और उसे लागू करने का अधिकार मिलेगा। प्रतिनिधि जूडी ने कहा कि वर्तमान कानूनों के तहत ताइवान में व्यापार करने वाले अमेरिकियों को दोनों देशों में एक ही आय पर कर देना पड़ता है।

**अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 15 जनवरी को एक विधेयक पारित किया। इसका उद्देश्य टैक्स (कर) भुगतान को कम करना, डबल टैक्सेशन (दोहरे कर) से बचना और ताइवान के व्यवसायों, निवासियों तथा कर्मचारियों के लिए कर में छूट देना है**

जिससे हर तरह के व्यापार को नुकसान होता है। इसी तरह ताइवानी लोगों को भी दोहरा कर देना होता है। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका के शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में सिर्फ ताइवान के पास दोहरे कर समझौते का अभाव है। ताइवान में अमेरिकी इंस्टीट्यूट द्वारा कराए गए एक सर्वे का हवाला देते हुए जूडी ने कहा कि 79 प्रतिशत ताइवान कंपनियों ने बताया कि आय पर दोहरे कर का नियम एक महत्वपूर्ण कारण है, जो उन्हें अमेरिका में अधिक निवेश करने से रोकता है।

## संघर्ष विराम को लेकर कतर बोला, इस्राइल और हमास के बीच समझौता रविवार 6:30 जीएमटी से होगा लागू

**काहिरा ।** इस्राइल की कैबिनेट ने उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें गाजा में संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई का प्रावधान रखा गया है। शनिवार को कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम रविवार को 6:30 ऋट्ठ (भारतीय समयानुसार रविवार दोपहर 12 बजे) से प्रभावी होगा।

शनिवार की सुबह इस्राइल के मंत्रिमंडल ने गाजा में संघर्ष विराम के लिए समझौते को मंजूरी दे दी, जिससे दोनों ओर के दजर्नों बंधकों को रिहा किया जा सकेगा और हमास के साथ 15 महीने से चल रहा युद्ध रुक जाएगा। इस समझौते के तहत अगले छह हफ्तों में 33 बंधकों को रिहा किया जाना है, बदले में इस्राइल की ओर से कैद सैकड़ों फिलिस्तीनियों को रिहा किया जाएगा।

सामने आई जानकारी के मुताबिक, पुरुष सैनिकों सहित शेष को दूसरे चरण में रिहा किया जाना है। जिस पर पहले चरण के दौरान बातचीत की जाएगी। हमास ने कहा है कि वह स्थायी युद्धविराम और पूरी तरह से इस्राइली सेना की वापसी के बिना शेष बंदियों को रिहा नहीं करेगा।

हमास ने इस समझौते के पहले दिन तीन महिला बंधकों, सातवें दिन चार और अगले पांच हफ्तों में शेष 26 को रिहा करने पर सहमति जताई है। इसके बदले में फिलिस्तीनी कैदियों को भी रिहा किया जाएगा। पहले चरण की सूची में शामिल सभी कैदी कम उम्र के या महिलाएं हैं।



**गाजा में 15 महीनों से जारी संघर्ष पर विराम लगना लगभग तय हो गया है। जल्द ही गाजा में शांति देखने को मिलेगी।**

# गाजा संघर्ष विराम को इस्राइली कैबिनेट की मंजूरी, हमास जल्द बंधकों को करेगा रिहा

**यरूशलम ।** गाजा में पिछले 15 महीनों से चल रहा हमास और इस्राइल के बीच का युद्ध लगभग खत्म हो गया है। इस्राइल के मंत्रिमंडल ने शनिवार को गाजा में युद्ध विराम के समझौते को मंजूरी दे दी। इसके बाद वहां बंधक बनाए गए दजर्नों लोगों को रिहा होने का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही हमास के साथ 15 महीने से चल रहा युद्ध रुक जाएगा।

यह संघर्ष विराम तीन चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में इस्राइल के 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। बदले में इस्राइल भी 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इस्राइली सेना भी गाजा से पीछे हटेगी। इस्राइल के न्याय मंत्रालय ने रविवार से रिहा किए जाने वाले 95 फिलिस्तीनियों की सूची जारी की है। हमास के साथ लड़ाई रोकने का समझौता रविवार को लागू होगा।



समझौते में मध्यस्थ करने वाले कतर और अमेरिका ने बुधवार को युद्ध विराम की घोषणा की थी, लेकिन यह समझौता एक दिन से अधिक समय तक अधर में लटका रहा, क्योंकि नेतन्याहू ने कहा था कि अंतिम समय में कुछ अड़चनें आईं, जिसके लिए उन्होंने हमास को जिम्मेदार ठहराया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समझौते का कुछ कट्टरपंथी नेताओं ने विरोध किया था। लेकिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार के 24 मंत्रियों ने समझौते के पक्ष में मतदान किया, जबकि आठ ने इसका विरोध किया है।

इससे पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा था कि गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने संबंधी समझौते को लेकर सहमति बन गई है। इस घोषणा से पहले नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा था कि गाजा में युद्ध विराम और फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले बंधकों को मुक्त करने के लिए वार्ता में अंतिम समय में रुकावटें आईं। मंत्रिमंडल की बैठक यहूदी ह्यसब्बाथह्न की शुरुआत के बाद हुई, जो इस मौके की अहमियत को दर्शाता है।

## विवेक रामास्वामी गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ने की बना रहे योजना

**वॉशिंगटन ।** भारतीय-अमेरिकी उद्यमी से नेता बने विवेक रामस्वामी ओहियो के गवर्नर के रूप में चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने पहले रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में भाग लिया था, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। अब वह राष्ट्रपति निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति निर्वाचित जेडी वेंस के करीबी सहयोगी हैं। ट्रंप ने उन्हें और टेस्ला के मालिक एलन मस्क को शासन में सुधार करने की जिम्मेदारी दी है।

### जल्द चुनावी अभियान का एलान करेंगे

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिनसिनाटी में भारतीय माता-पिता के घर जन्मे रामस्वामी हार्वर्ड और येल से स्नातक हैं। वह जल्द ही ओहियो गवर्नर के पद के लिए अपने चुनावी अभियान की घोषणा कर सकते हैं।

**ओहियो चुनाव अगले साल**



**नवंबर में होगा :** 39 साल के रामस्वामी के बारे में एक सूत्र ने कहा, 'उनकी योजना पहले से तय है। डॉज में सफलता हासिल करना और फिर गवर्नर के चुनाव के लिए घोषणा करना। अगर वह जीतते हैं, तो वह ओहियो के मौजूदा गवर्नर माइक डेविन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल सीमा के कारण समाप्त हो रहा है। ओहियो चुनाव नवंबर 2026 में होगा।

## 19 जनवरी से परिचालन होगा बंद अमेरिका में प्रतिबंध लगने की खबरों के बीच टिकटॉक ने जारी किया बयान

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में प्रतिबंध की बढ़ती संभावनाओं से पहले टिकटॉक ने शनिवार को एक बयान जारी किया। अपने बयान में टिकटॉक ने बताया कि व्हाइट हाउस और न्याय विभाग सर्विस प्रोवाइडर्स को आवश्यक स्पष्टता और आश्वासन प्रदान करने में विफल रहे। टिकटॉक ने कहा कि जब तक बाइडन प्रशासन द्वारा गैर-प्रवर्तन का आश्वासन देने वाला एक निश्चित बयान प्रदान नहीं किया जाता है, तब तक टिकटॉक 19 जनवरी से अमेरिका में अपना परिचालन बंद कर देगा।

टिप्पणी अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पृष्ठभूमि के बीच आई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने इस बात पर जोर दिया कि कानून को लागू करने की जिम्मेदारी अब आने वाले प्रशासन पर है।

शुक्रवार को अपने बयान में जीन पियरे ने कहा, प्रशासन, देश के बाकी हिस्सों की तरह टिकटॉक मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहा है। टिकटॉक पर बाइडन की स्थिति कई महीनों से स्पष्ट है। सांसदों ने एक विधेयक राष्ट्रपति के के पास भेज दिया है। बयान में आगे कहा गया कि यह प्रशासन मानता है कि कानून को लागू करने की कारर्वाई अगले प्रशासन पर निर्भर होनी चाहिए। बता दें कि सोमवार यानी की 20 जनवरी से राष्ट्रपति जो बाइडन का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उनकी जगह अब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति का पद संभालेंगे।




सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए टिकटॉक ने कहा, व्हाइट हाउस और न्याय विभाग सर्विस प्रोवाइडर्स को आवश्यक स्पष्टता और आश्वासन प्रदान करने में विफल रहे। जब तक बाइडन प्रशासन द्वारा गैर-प्रवर्तन का आश्वासन देने वाला एक निश्चित बयान प्रदान नहीं किया जाता है, तब तक टिकटॉक 19 जनवरी से अमेरिका में अपना परिचालन बंद करने के लिए मजबूर होगा।

### सुरक्षा चिंताओं के कारण लगाया जा रहा प्रतिबंध

अमेरिका में सुरक्षा चिंताओं के कारण टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। टिकटॉक की यह

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक साक्षात्कार में कोर्ट के फैसले पर प्रसले पर प्रतिक्रिया दी थी। हालांकि, उन्होंने प्रतिबंध को वापस लेने के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ टिकटॉक के बारे में बात करने की भी पुष्टि की।

## व्हाइट हाउस पर हमले के प्रयास में भारतवंशी दोषी, कंडुला को आठ साल की जेल, अदालत ने 20 महीने बाद सुनाई सजा

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में ट्रक से व्हाइट हाउस पर हमला करने के प्रयास के आरोपी भारतीय नागरिक साईं वर्षित कंडुला को बृहस्पतिवार को आठ साल की सजा सुनाई गई। न्याय विभाग के अनुसार, हमले का उद्देश्य लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकना तथा उसकी जगह नाजी विचारधारा से प्रेरित तानाशाही शासन की स्थापना करना था।



कंडुला ने 13 मई, 2024 को अमेरिकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में अपना जुर्म कबूल लिया था। कंडुला ग्रीन कार्ड के साथ अमेरिका का वैध स्थायी निवासी है। अदालत में मौजूद दस्तावेज के अनुसार, कंडुला ने 22 मई, 2023 की दोपहर को सेंट लुईस, मिसौरी से वाशिंगटन डीसी के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान भरी और शाम करीब 5.20 बजे डलेस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचा।

## सीरियाई नागरिकों ने बदला मन, स्वदेश लौटने की इच्छा तेज साइप्रस में शरण के लिए दिए आवेदन को लिया वापस

**निकोसिया ।** सीरिया में पिछले महीने असद सरकार के पतन के बाद सीरियाई नागरिकों का पलायन तेज हो गया था। इसको लेकर हजारों सीरियाई नागरिकों ने साइप्रस सरकार को आवेदन लिखकर शरण और अंतराष्ट्रीय सुरक्षा की मांग की। बहराल स्थिति ये है कि कम से कम 1000 सीरियाई नागरिकों ने साइप्रस में शरण लेने की अपनी चाह को खत्म करते हुए आवेदन वापस ले लिया है।

क्योंकि वे अपने देश वापस जाना चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट की माने तो खबर ये भी है कि पहले ही 500 से ज्यादा सीरियाई नागरिक वापस अपने देश लौट चुके हैं। साइप्रस का सख्त कदम बता दें कि सीरियाई नागरिकों के साइप्रस में बढ़ते आगमन को रोकने के



लिए साइप्रस ने पिछले कुछ वर्षों में शरणार्थियों के आगमन को रोकने के लिए सख्त नीतियां अपनाई हैं, खासकर तुर्की से नाव के जरिए या तुर्की साइप्रस से आने वालों के लिए। साइप्रस में अनियमित प्रवासियों का प्रतिशत यूरोपीय औसत से छह गुना अधिक था, लेकिन हाल में इन सख्त नीतियों के परिणामस्वरूप पिछले साल लगभग 10,000 अनियमित प्रवासियों ने साइप्रस छोड़ दिया।

गौरतलब है कि 2024 में नए शरण आवेदनों में 41 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे अधिकारियों को लंबित आवेदनों को जल्दी से निपटाने और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पाने वाले लोगों को जरूरी मदद देने में मदद मिली है। साइप्रस ने नाव से आने वाले प्रवासियों की संख्या को भी कम किया है, खासकर लेबनान से।

### साइप्रस लगातार लगा रहा आरोप

हालांकि मामले में साइप्रस पर यह आरोप भी हैं कि उसने प्रवासियों के अधिकारों का उल्लंघन किया है।

# कैपिटल हिल में किया दंगा, अब उसी जगह ट्रंप के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे आरोपी

**वॉशिंगटन ।** छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद में दंगे की तस्वीरों ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था। अब हैरानी इस बात की है कि जिन लोगों पर दंगे के आरोप लगे, अब वे ही डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। दरअसल कई आरोपियों ने अदालत में अपील कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की थी। अदालत ने भी इसकी मंजूरी दे दी है ताकि वे ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापस लौटने का जश्न मना सकें। अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोजकों ने इसका विरोध किया, लेकिन जज ने इसे खारिज कर दिया।

### करीब 20 आरोपियों ने मांगी थी अनुमति

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कैपिटल हिल दंगे के आरोपियों में से 20 ने संघीय न्यायाधीश से, ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति मांगी। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इनमें से अधिकांश को अनुमति मिल सकती है। सिर्फ कुछ आरोपियों को ही अनुमति नहीं दी गई है। न्याय विभाग के अभियोजकों ने इसका विरोध किया है और कहा कि कैपिटल हिल के दंगाइयों को अदालत की निगरानी में अपराध स्थल पर वापस जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि जज ने कहा कि अब आरोपी दंगे के लिए नहीं बल्कि जश्न मनाने के लिए जा रहे हैं।

## जज ने दी अनुमति



### ट्रंप दंगाइयों को माफ करने के दे चुके हैं संकेत

11 आरोपियों को अनुमति मिल गई है। सात आरोपियों की अपील खारिज कर दी गई है। साथ ही जो लोग दंगा मामले में अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, वे भी जाने के लिए स्वतंत्र हैं। आमतौर पर, जो लोग गिरफ्तारी, परिवीक्षा की सजा या जेल से रिहाई के बाद अदालत की निगरानी में रहते हैं, उन्हें अपने गृह जिले से बाहर यात्रा करने के लिए न्यायाधीश की स्वीकृति लेनी होती है। गौरतलब है कि ट्रंप ने ऐसे संकेत दिए हैं कि वे कैपिटल हिल दंगे के दोषियों की सजा माफ कर सकते हैं। ट्रंप ने उन्हें देशभक्त कहा है।

## महाभियोग झेल रहे राष्ट्रपति पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया के महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल की लगातार मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने येओल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने के लिए अदालत से वारंट का अनुरोध किया है। इसी पर आज अदालत में सुनवाई होगी। यून को बुधवार को उनके निवास से हिरासत में लिया गया था। तबसे वह अधिकारियों की हिरासत में हैं। उन पर पिछले साल तीन दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के लिए देश में विद्रोह कराने का आरोप है, जो 1980 के दशक के अंत में दक्षिण कोरिया के लोकतंत्रीकरण के बाद का सबसे गंभीर राजनीतिक संकट था।



## ब्लिंकन ने विदेश विभाग से ली विदाई, अंतिम भाषण में कर्मचारियों में भरा उत्साह, कहा- अपना मिशन जारी रखें

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को अपने कार्यकाल का अंतिम भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने विदेश विभाग के कर्मचारियों से विदाई ली और उनमें उत्साह भरा। उन्होंने कैरियर कर्मचारियों से अपील की कि वे अमेरिकी विदेश नीति को आगे बढ़ाने के अपने मिशन को जारी रखें। ब्लिंकन की विदाई ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी राजनयिकों के सामने यह अनिश्चिता है कि आने वाला ट्रंप प्रशासन विदेश में रिश्तों और प्रतिस्पर्धा को कैसे संभालेगा।

बता दें कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इसके बाद नए विदेश मंत्री के रूप में मार्को रुबियो ब्लिंकन की जगह लेंगे।

### ब्लिंकन ने कर्मचारियों के काम की सराहना की

एंटनी ब्लिंकन ने विदेश विभाग के मुख्य वाशिंगटन प्रवेश द्वार पर सैकड़ों कर्मचारियों के सामने अपना



अंतिम भाषण दिया। अपने अंतिम संबोधन में, ब्लिंकन ने अफगानिस्तान, यूक्रेन और मध्य पूर्व जैसे कई मुद्दों के बावजूद पिछले चार वर्षों में कर्मचारियों के काम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'आपके बिना, यह दुनिया और हमारा देश बहुत अलग दिखते। आपके साथ, दोनों बहुत बेहतर हैं। आप हर दिन चीजों को थोड़ा बेहतर और शांतिपूर्ण बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह आपका मिशन है, और आप इसे बहुत अच्छी तरह से करते हैं। बता दें कि प्रवेश द्वार को उन सभी देशों के झंडों से सजाया गया था, जिनके साथ अमेरिका के राजनयिक संबंध हैं।

### ब्लिंकन की कर्मचारियों से लचीला बने रहने की अपील

ब्लिंकन ने कर्मचारियों से लचीला बने रहने की अपील की। उन्होंने कहा, 'यह परिवर्तन का समय है। लेकिन आप में से अधिकांश सोमवार को आएंगे और अपना काम करते रहेंगे। मुझे यकीन है कि आप यही करेंगे।'

उन्होंने कर्मचारियों को 'अमेरिकी कूटनीति की शक्ति और वादे के संरक्षक' कहा और अपने भाषण को 'आगे बढ़ते रहने' के संदेश के साथ समाप्त किया। ट्रंप ने विदेश विभाग को 'डीप स्टेट डिपाटर्मेंट' के रूप में किया था संदर्भित बता दें कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेश विभाग की पारंपरिक भूमिका पर संदेह जताया है। उन्होंने इसे 'डीप स्टेट डिपाटर्मेंट' के रूप में संदर्भित किया था, और कहा कि वे उन अधिकारियों को हटाना चाहते हैं जो राष्ट्रपति के प्रति वफादार नहीं हैं।

# शहर के सौंदर्यकरण को लेकर नगर आयुक्त ने बनाई कार्य योजना




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए कार्यवाही तेज कर दी गई है सभी विभागीय अधिकारियों से बैठक की गई तथा कार्य योजना बनाई गई।

शहर में जहां गाजियाबाद नगर निगम स्वच्छता और विकास पर जोर दे रहा है वही नगर आयुक्त द्वारा शहर को हरा-भरा बनाने तथा सौंदर्यकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। सभी अधिकारियों को कार्य योजना बनाने के लिए कहा गया है।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, जलकल विभाग से कामाख्या प्रसाद आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी विज्ञापन पल्लवी सिंह उपस्थित रहे।

## मरम्मत कार्यों को रफ्तार दें अधिकारी : विक्रमादित्य सिंह मलिक

### शहर की एंट्री से लेकर सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट, प्रमुख चौराहे तथा साइड पटरियों का होगा सौंदर्यकरण

शहर के एंट्री पॉइंट, भोपुरा, यूपी गेट, डायमंड फ्लाईओवर व अन्य एंट्री पर ग्रीनरी बढ़ाने, तथा सेंट्रल वर्ज ग्रीन बेल्ट को और अधिक सुसज्जित करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा एक सप्ताह में कार्य योजना मांगी गई है। सौंदर्यकरण के क्रम में हिंडन एयर फोर्स चौराहा, मोहन नगर चौराहा, घंटाघर चौराहा, हापुड़ चुंगी चौराहा, ठाकुरद्वारा चौराहा को भी प्रमुखता से सुसज्जित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

डिवाइडरों तथा मरम्मत कार्यों को भी रफ्तार देने के लिए नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है, जिसमें डिवाइडरों पर पेंटिंग कार्य को भी पूरे शहर में करने के लिए कहा गया है स्वच्छता और विकास के साथ-साथ शहर को सुंदर बनाने के लिए कार्यवाही तेजी से की जा रही है।

नगर आयुक्त द्वारा ऐसे स्थान जो कि निगम के अंतर्गत आते हैं और रिक्त हैं उन पर प्लांटेशन करने के लिए भी डॉक्टर अनुज प्रभारी उद्यान को निर्देशित किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाली एंट्री पॉइंट व अन्य स्थानों को सूचित करने के लिए अधिक से अधिक प्लांटेशन के कार्य को बढ़ाने के लिए कार्य योजना बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। आगामी फरवरी माह में बसंत के साथ-साथ गाजियाबाद नगर निगम के कई स्थानों को सुंदर बनाने की प्लानिंग चल रही है।

## अयोध्या धाम में समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव गुप्ता ने लिया श्री रामलला का आशीर्वाद




**गायिजाबाद, करंट क्राइम।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव कुमार गुप्ता ने शनिवार को अयोध्या धाम पहुंचकर श्री रामलला के दर्शन किये। शनिवार दोपहर अयोध्या धाम पहुंचकर समरकूल चेयरमैन ने सरयू नदी में स्नान कर हनुमान गढ़ी में बाबा बजरंगबली को प्रसाद अर्पण करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात भव्य श्रीराम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बाल अवस्था में विग्रह रूप के दर्शन किये। इस अवसर पर उनके साथ समरकूल ग्रुप के इंडिया सेल्स हैड नरेश बत्रा, शक्ति कुमार गुप्ता, राहुल पाठक व जगवीर यादव भी उपस्थित रहे।

## क्या विपक्षियों ने अपराधियों का साथ देने की ठान रखी है : राजू छाबड़ा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अगर कोई कार्य सही करे और वह व्यक्ति सरकार का हो तो विपक्ष उसकी निंदा करती है। इसी प्रकार हमारे गाजियाबाद में पिछले 40 सालों से चांदमारी पर कब्जा कर रखा था और ऐसा नहीं है कि एक समाज ने कर रखा था जिसको जहां जगह मिली उसने कब्जा कर रखा था। आपको मैं एक वाकया बताता हूं अभी कुछ साल पहले हमारे घंटा घर से एक स्कूटी चोरी हुई एक व्यापारी की। जब उसकी छानबीन की गई तो वह लड़का पकड़ा गया और जब वह लड़का पकड़ा गया, तब उससे पूछा गया प्रशासन द्वारा तो उस लड़के ने यह बयान दिया कि हमें मास्टर चाबी दी जाती है। एक स्कूटी पर 2000 रुपए दिए जाते हैं। हमें स्कूटी चुरा कर चांदमारी में छोड़नी है बस हमारा इतना काम है। अब आप अंदाजा लगाइए कि वह एक छोटा सा एरिया जहां अपराधी किस्म के लोगों ने एक बड़ा रूप ले लिया। पहले वहां से लोग निकलते थे लेकिन सड़क भी बंद कर दी गई ताकि लोग वहां से ना निकलें और वह अपना कार्य चाहे वह चोरी का सामान खरीदें चाहे नशा बेचें। क्या विपक्ष ने केवल अपराधियों का साथ देने की सोच रखी हुई है। गाजियाबाद की जनता विशेष तौर पर विजयनगर की जनता देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा का बहुत-बहुत धन्यवाद करती है जो इन्होंने इस बात को गंभीरता से लेते हुए यह कार्य किया है। हमें याद है कि हम जब विजयनगर बाईपास जाते थे तो यहां से निकाल कर जाते थे लेकिन शाम होते ही यहां से निकलने से डर लगता। अब यह कार्य होने से गाजियाबाद में अपराधी घटनाएं भी कम होंगी।

## केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, तीन मंजिला इमारत में फैली



**नोएडा।** ईकोटेक-3 स्थित विन्सा केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में आज भीषण आग लग गई। उद्योग केंद्र-02 के प्लॉट नंबर 252 पर स्थित इस तीन मंजिला फैक्ट्री की भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल पर रखे केमिकल ड्रम में आग लगने से पूरी बिल्डिंग में आग फैल गई।

सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। यूपी फायर सर्विस और कुछ प्राइवेट कंपनियों की कुल 20 दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री में प्रोडक्ट पैकिंग का काम होता है। पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### 20 दमकल गाड़ियों ने 3 घंटे में पाया काबू

## इंदिरापुरम में सीवर की समस्या को लेकर पीएम को लिखा पत्र लोगों ने कहा स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में कई वार्ड सीवर ओवरफ्लो से लोगों को परेशानी हो रही है। इससे 20 दिनों से सीवर सफाई नहीं होने के नीतिखंड-1 प्लॉट 331 से 364 के गली-मोहल्ले गंदा पानी भर रहता है। इससे हजारों से अधिक लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा है। सीवर का पानी सड़कों और गलियों में जमा हो गया है, जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। नियमित सीवर का पानी भरने से बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। शनिवार के निवासियों राहुल तोमर विजित भटनागर अमरपाल यादव लकी पुष्पा अमित दीपिका सिंह ने सीवर की समस्या के लेकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है। पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री महोदय के स्वच्छ भारत अभियान की धज्जिया उड़ रही है। ओर हम सब भारत देश के नागरिक हैं और हमें अपने भारतीय होने पर गर्व है। तथा हम भारतीय लोगों के लिए भारत एक शब्द नहीं है अपितु भारत हम में और हम स्वयं भारत में बसते है। और यही कारण है कि स्वच्छ भारत अभियान में प्रत्येक भारतीय प्रधानमंत्री के कथन के अनुसर देश, प्रदेश, जिला, वार्ड, मोहल्ला, गली आदि को स्वच्छ रखने में सदैव अग्रसर रहे है।

लेकिन हमारी गली वार्ड 81 प्लॉट नंबर. 331 से 364 नीति खंड 1 इंदिरापुरम गाजियाबाद तथा गली के मुख्य सड़क वार्ड 81 - अपोजिट कैम्ब्रिज स्कूल नीति खंड 1 इंदिरापुरम में सीवर ओवरफ्लो का पानी पिछले 1 महने से भरा हुआ है। जिसके कारण लगभग हजारों परिवारो के घर में गंगाजल की आपूर्ति में सीवर का पानी मिलकर आ रहा है। जिससे कई दर्जन लोग बीमार हो चुके हैं। गली के लोग हर विभाग के शिकायत की लेकिन सुने वाला कई नही।

राहुल तोमर का कहना है कि वसुंधरा नगर निगम जोनल कार्यालय पर शिकायत की थी उन्होंने कहा किसी प्राइवेट आदमी का नंबर दिया। प्राइवेट वाले से बात की तो उन्होंने कहा 20 हजार रुपए लगेंगे।

इस समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों में रोष है, लोगों को कहना है कि इसकी शिकायत नगर निगम कार्यालय, नगर आयुक्त, वार्ड 81 के पार्षद, महापौर, विधायक, सांसद को भी ऑनलाइन व लिखित शिकायत की है।

## मैं महाकुंभ को दूर से भी महसूस कर सकती हूं : निधि विश्वकर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ओशो ने कहा था कि कुंभ क्या है मुझे उनकी बात कुछ हद तक सही लगी। जब करोड़ों लोग एक बड़े स्थल पर इकट्ठा होकर एक ही प्रकार की बात सोचते हैं, आध्यामिकता को जीते हैं, एक ही प्रकार की आराधना करते हैं तो उनकी ऊर्जा का एक बड़ा पुंज उस बड़ी जगह पर इकट्ठा हो जाता है और उस बड़े ऊर्जा पुंज में उतरना ईश्वर के किए आसान होता है। मुझे लगता हैं कि जब इतने दिल, इतनी आत्माएं जिनके अंदर कोई भेद बचता ही नहीं, एक ही दिशा की ओर आध्यात्मिक और धार्मिक गति करते हैं तो उन्हीं की ऊर्जा का, उन्हीं के विश्वास का, उन्हीं की चेतना का एक बड़ा शक्ति पुंज बनता है जिसमें से अमृत की वर्षा होती है और वहीं सबको महसूस होती है और वही तो वो परमपिता परमेश्वर है, वही तो मां प्रकृति है,,, वही तो आस्था है,,, वही तो महाकुंभ है। और ये होता है बस मेरे भारत में।

## पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में ईसीएम चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले ऑटो रिक्शा चोरी करते और फिर उन्हीं चोरी के ऑटो का इस्तेमाल कर कारों से ईसीएम चुराते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के दो ऑटो रिक्शा, सात ईसीएम और चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार बरामद किए हैं।
एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह के अनुसार, क्षेत्र में खड़ी कारों से ईसीएम चोरी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस ने कई टीमें गठित कर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान बुलंदशहर के साजिद, बिजनौर के आसिफ और दिल्ली के अफजल को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। अफजल पर सात, आसिफ पर पांच और साजिद पर दो मुकदमे चल रहे हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पहले ऑटो रिक्शा चुराते और फिर उसी ऑटो का इस्तेमाल कर घरों के बाहर खड़ी कारों का लॉक तोड़कर ईसीएम चुरा लेते थे। चोरी की कुछ वारदातों के बाद वे ऑटो बदल देते थे। आरोपियों ने बताया कि ईसीएम की अच्छी कीमत मिलती थी। वारदात के दौरान वे यह भी ध्यान रखते थे कि आसपास सीसीटीवी कैमरे न हों।

## स्कूल से गायब हुए चारों छात्र मिले, डीसीपी ने दिया 25000 का इनाम



**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए थाना इकोटेक-3 पुलिस ने स्कूल हॉस्टल से लापता हुए चारों छात्रों को सकुशल बरामद कर लिया है। इस सफल कार्रवाई के लिए डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने पुलिस टीम को 25,000 रुपये के इनाम की घोषणा की है।



घटना 15 जनवरी की सुबह करीब 7 बजे की है, जब गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज, ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क-5 से चार छात्रों के गायब होने की सूचना मिली। सभी लापता छात्र 16-17 वर्ष के थे। स्कूल प्रबंधन की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर छात्रों की तलाश के लिए 6 टीमों का गठन किया। जांच में सामने आया कि स्कूल और हॉस्टल परिसर में कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था और स्कूल गेट पर छात्रों के निकलने की कोई एंट्री भी रजिस्टर में दर्ज नहीं थी। ऐसा प्रतीत होता है कि छात्र स्कूल की चारदीवारी फांदकर भागे। पुलिस को परिजनों से पता चला कि सभी छात्र शीतकालीन अवकाश के बाद 13 जनवरी को ही हॉस्टल लौटे थे और अपने साथ कुछ पैसे भी लाए थे। पुलिस ने मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन, दुकानों, मॉल और प्रमुख चौराहों के 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

साथ ही छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की भी जांच की, जिसमें एक छात्र का अकाउंट ऑनलाइन मिला, जिससे उनका पता लगाने में मदद मिली।

## जीवक विद्यापीठ ट्रस्ट ने शंभू दयाल इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए की कैरियर काउंसलिंग




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीवक विद्यापीठ ट्रस्ट द्वारा बोनाफाइड इंस्टिट्यूट के तत्वाधान में विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को शंभू दयाल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य देवेंद्र देव के दिशा निर्देश पर कैरियर काउंसलिंग कराई गई। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी भागीदारी को सम्मिलित किया। विद्यार्थियों की कउंसलिंग करते हुए काउंसलर मनोज कुमार, डॉक्टर सुभाष तोमर और विजय बौद्ध ने सभी विद्यार्थियों को विस्तार से बताते हुए कहा कि आप अपनी पढ़ाई करते हुए और अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए चिकित्सा से संबंधित छोटे-छोटे कोर्सों को करके अपने कैरियर को बना सकते हैं। यह सब कोर्स बोनाफाइड इंस्टीट्यूट से कर सकते हैं। जिसका सचालन डॉ अशोक राज विमल कर रहे हैं। सम्यक राज विमल ने सभी विद्यार्थियों से फीडबैक लेते हुए उनकी फीडबैक फॉर्म पर जानकारी को इकट्ठा किया। कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए डॉ अशोक राज विमल ने अपनी समस्त टीम के साथ कॉलेज मे अच्छी व्यवस्था सहयोग के लिए प्रधानाचार्य देवेंद्र देव और सहयोगी शिक्षकगण का आभार व्यक्त किया

## पुलिस ने गौ तस्कर को गोली मारी गैंग बनाकर रात में करता था गोकशी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में पुलिस ने एनकाउंटर में गो तस्कर को गोली मारी है। पुलिस ने मुठभेड़ में फरार चल रहे गोतस्कर को पैर में लगी गोली मारकर गिरफ्तार किया है। भोजपुर पुलिस ने बताया गोकशी के आरोप मे फरार चल रहे युवक को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस का एक जवान भी गोली लगने से बाल बाल बच गया। गो तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

### महताब पर दर्ज हैं 8 मुकदमे

मुठभेड़ में पकड़ा गया मेहताब शातिर गौ तस्कर है, जो गैंग बनाकर भोजपुर थाना क्षेत्र में लगातार गोकशी कर रहा था। एक के बाद एक मुठभेड़ कर पुलिस ने अपराध करने वालों की कमर तोड़ रही है। भोजपुर में पट्टी से तिबड़ा जाने वाले रास्ते पर स्थित जंगल में यह मुठभेड़ हुई। पुलिस पूछताछ में गो तस्कर ने अपना नाम महताब पुत्र तौसीफ निवासी कलछीना थाना भोजपुर गाजियाबाद बताया है। महताब पर गोकशी एवं गैंगस्टर समेत 8 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश ने बताया कि इस गैंग में जो अन्य लोग हैं उनकी तलाश के लिए भी दबिश दी जा रही है, मेहताब के पास से एक तमंचा, पशु काटने का चाकू, रस्सी और अन्य सामान बरामद हुआ है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज युवा नेता तुषार मित्तल का जन्मदिन है। रूमा मित्तल के लिए ये दिन सबसे खास है। युविका मित्तल ओर सर्वम मित्तल के लिए आज की तारीख स्पेशल है वो दोनों बहुत हैप्पी हैं क्योंकि आज उनके पापा का हैप्पी बर्थडे है। खुशनुमा अहसास के साथ अपनो का साथ। यही तो है परिवार ओर प्यार।